तापमान
अधिकतम 37.6 डिग्री
न्यूनतम 25.2 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, मंगलवार 15 अप्रैल 2025

13 पेयजल समस्या के लिए दस जोन में हेल्प डेस्क जलसंकट...


14 तकनीकी विवि की तकनीकी त्रुटि...अपलोड कर दिए...


# मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों में रायपुर टॉप पर, दुर्ग-बिलासपुर भी पीछे नहीं, एमसीबी में सबसे कम केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

जब कोई शासकीय सेवक किसी सामान्य व्यक्ति के मानवाधिकारों का हनन करता है, तो ऐसे मामले मानवाधिकार उल्लंघन के प्रकरण के रूप में दर्ज किए जाते हैं। पुलिस हिरासत में मौत, बलात्कार और किसी महिला का उत्पीड़न हो तो ये अपराध भी इसी श्रेणी में शामिल होते हैं। किसी कॉलेज में अगर रैगिंग हो या कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार की शिकायत भी मानवाधिकार उल्लंघन माना जाता है। इन सभी मामलों की सुनवाई और जांच राज्य में छत्तीसगढ़ मानवाधिकार आयोग द्वारा की जाती है। छत्तीसगढ़ में पिछले एक साल में ऐसे करीब ढाई हजार मामले सामने आए हैं। खास बात ये है कि राज्य में ऐसे मामलों में रायपुर जिला टॉप पर है। ▶▶|शेष पेज 13 पर

### आयोग करता है ये काम

छत्तीसगढ़ में राज्य मानवाधिकार आयोग मानवाधिकारों की रक्षा के लिए कई तरीकों से काम करता है। आयोग को शिकायत मिलने पर शिकायत की पूरी जांच की जाती है। उसके बाद जांच में अगर ये बात सामने आती है कि लोकसेवक द्वारा लापरवाही या सावधानी न बरतने के कारण मानवाधिकारों का उल्लंघन होता है तो संबंधित राज्य या प्राधिकारी के खिलाफ अभियोजन की कार्यवाही के लिए प्रतिवेदन दिया जाता है। इसके साथ ही आयोग पीड़ितों को राहत दिलाने का काम करता है। सरकार या प्राधिकारी से अंतरिम अनुतोष के लिए प्रतिवेदन देने के पीड़ित के परिजनों को तत्काल राहत दिलाई जाती है।

## सालभर में छत्तीसगढ़ में सामने आए करीब ढाई हजार प्रकरण

- सवा 12 सौ का निपटारा, लेकिन इससे अधिक केस लंबित
- कॉलेज में रैगिंग और कार्यस्थल पर महिलाओं से दुर्व्यवहार भी इसी श्रेणी में




### मामला एक साल के भीतर का होना चाहिए


मानवाधिकार आयोग ने शिकायतों की जांच के लिए एक प्रक्रिया निर्धारित की है। इसके तहत ऐसी घटनाएं जिनकी शिकायतें उनके घटित होने के साल भर के अंदर की होनी चाहिए। अगर एक साल की अवधि बीतने के बाद शिकायत की जाएगी को ऐसे प्रकरणों में आयोग कार्यवाही नहीं करता है। ऐसे प्रकरण जो किसी न्यायालय में या किसी आयोग के पास विचाराधीन हों तो भी आयोग इस पर कार्यवाही नहीं करेगा। शिकायतें पूर्ण रूप से स्पष्ट होनी चाहिए और आयोग के कार्यक्षेत्र के अंदर की हों तभी आयोग कार्यवाही करता है।

### सबसे अधिक मामले रायपुर में, सबसे कम एमसीबी में

छत्तीसगढ़ में 1 अप्रेल 2023 से लेकर 31 मार्च 2024 के प्रकरणों को देखें तो इनकी कुल संख्या राज्य में 1260 रही है। हालांकि इससे पहले पिछले साल 2023 में अप्रेल की स्थिति में आयोग के पास 1207 लंबित प्रकरण पहले ही थे। इस तरह कुल प्रकरणों की संख्या 2467 हो गई। इनमें से 1221 प्रकरणों का निराकरण हो गया। अभी भी आयोग के पास 1246 प्रकरण जांच और प्रतिवेदन के लिए लंबित हैं। खास बात ये है कि ▶▶|शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### शाम के अंधड़ से सुबह कम हुई गर्मी, अभी राहत के आसार



**रायपुर।** रविवार की शाम राजधानी में चली तेज हवा का असर सोमवार की सुबह तापमान सामान्य से कम होने की वजह से गर्मी से थोड़ी राहत मिली। अनेक इलाकों में अंधड़ बारिश और ओलावृष्टि का प्रभाव रहने के कारण प्रदेश का अधिक पारा भी 40 डिग्री तक नहीं पहुंच पाया, गर्मी से अगले दो दिन राहत मिलने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक अप्रैल का दूसरा पखवाड़ा शुरू हो गया है, मगर अलग-अलग सिस्टम के सक्रिय होने की वजह से गर्मी का खास प्रभाव महसूस नहीं हो रहा है। रविवार को बस्तर, सरगुजा के साथ कबीरधाम इलाके में भी मौसम में बदलाव हुआ था। रायपुर में कुछ एक इलाके में बूंदाबांदी हुई थी और तेज गति से हवा चली थी। इससे रात के बाद दिन में भी छाए बादलों की वजह से कम गर्मी का अहसास हुआ। वर्तमान में एक द्रोणिका पश्चिमी से पूर्वी राजस्थान, पश्चिम मध्य प्रदेश, विदर्भ, मराठवाड़ा, अंदरूनी कर्नाटक, तमिलनाडु होते हुए म्यांमार की खाड़ी तक विस्तारित है। दूसरी द्रोणिका उत्तर पूर्व मध्य प्रदेश से दक्षिण तटीय उड़ीसा तक छत्तीसगढ़ होते हुए मौजूद है।

*सीवरेज के गंदे पानी की निकासी के लिए अलग सोकपिट बनाए गए हैं, सभी खुले हुए*

# राजधानी में एक दर्जन से ज्यादा पीएम आवास और बीएसयूपी कालोनी, ज्यादातर के सैप्टिक टैंक खुले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए पीएम आवास योजना तथा बीएसयूपी कालोनी में बनाए गए मकान के ज्यादातर सैप्टिक टैंक खुले हुए हैं। साथ ही गंदे पानी की निकासी के लिए बनाए गए सोकपिट की हालत और भी ज्यादा बुरी है। पीएम आवास तथा बीएसयूपी कालोनी के सभी सोकपिट खुले हुए हैं। ऐसे में सोकपिट तथा खुले सैप्टिक टैंक में बच्चों के गिरने का खतरा ज्यादा रहता है।

राजधानी के अलग-अलग क्षेत्रों में 15 के करीब बीएसयूपी के साथ पीएम आवास योजना के तहत बनाई गई 15 कालोनी में 10 हजार के करीब परिवार निवासरत हैं। इन कालोनियों में रहने के लिए लोगों को मकान तो आबंटित कर दिया गया है, लेकिन कालोनी की सुरक्षा व्यवस्था को नजरअंदाज करते हुए सैप्टिक के साथ सोकपिट खुले में छोड़ दिए गए हैं। बीएसयूपी तथा पीएम आवास में सोकपिट तथा सैप्टिक टैंक बंद नहीं करने की वजह से लोग मच्छर तथा गंदगी से अलग से परेशान हो रहे हैं।

## गुलमोहर पार्क बीएसयूपी कालोनी में सोकपिट में मासूम की डूबने से हुई थी मौत

### बीएसयूपी कालोनी में इसलिए सोकपिट

हरिभूमि सरोकार

जहां भी बीएसयूपी कालोनी बनी हैं, वहां गंदे पानी की निकासी के लिए जगह नहीं होने की वजह से गंदा पानी कालोनी में फैले नहीं इसलिए कालोनी के एक हिस्से में गंदे पानी को मिट्टी सोख ले, इसके लिए बड़ा सा गड्ढा कर दिया जाता है। उसी गड्ढे में गंदा पानी जाता है। नियम के मुताबिक सोकपिट को ढंकना है, लेकिन निगम प्रशासन गड्ढा को ढंकने के बजाय खुले में छोड़ देता है।



### घटना के बाद नींद खुली

गुलमोहर कालोनी की घटना के बाद निगम प्रशासन बीएसयूपी कालोनी तथा पीएम आवास में खुले गड्ढों की सुध लेने के लिए निकला। सोमवार को निगम कर्मी शहर के अलग-अलग इलाकों में घूम घूमकर बीएसयूपी तथा पीएम आवास में खुले सैप्टिक टैंक के साथ सोकपिट को ढकने के लिए निकले।

### पुलिस ने अब तक दर्ज नहीं की एफआईआर

परिजनों के साथ रहवासियों का आरोप है कि घटना के 24 घंटा बीत जाने के बाद पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज नहीं की है। अब तक एफआईआर दर्ज नहीं होने से स्थानीय रहवासी आक्रोषित हैं। इस मामले में गुढ़ियारी पुलिस मर्ग जांच के बाद दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की बात कह रही है।

### दो बच्चा खराब होने के बाद हुआ था बेटा

मृतक दिव्यांग के पिता दीपक कुम्हार का कहना है कि उनका परिवार पूजा पाठ तथा ईश्वर में विश्वास करने वाला परिवार है। मृतक के पिता के अनुसार शादी के बाद उसका दो बच्चा खराब हो गया। भगवान की काफी पूजा-पाठ करने तथा मन्नत के बाद दिव्यांश का जन्म हुआ है। दिव्यांश परिवार के साथ पड़ोसियों की आंखों का तारा था। घटना के बाद क्षेत्र के रहवासी गमगीन हैं। दिव्यांश की मौत की सूचना मिलने पर उसकी मां तथा परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। परिजन काफी मशक्कत के बाद दिवांश ▶▶|शेष पेज 13 पर

### गड्ढे में मासूम की मौत के बाद हंगामा, अब ढूंढ रहे मेनहोल ढक्कन लगाने अल्टीमेटम

बीते चौबीस घंटे में मचे हंगामे, चक्काजाम और प्रदर्शन के बाद निगम की टीम ने गुलमोहर पार्क पीएमवाय कालोनी के सोकपिट की सोमवार को बैरिकेडिंग की। साथ ही जोन 6 की टीम ने छत्तीसगढ़ नगर में शीतला मंदिर के पास जानलेवा गड्ढे को पाटा। अगर ये काम निगम पहले कर लेता तो मासूम दिव्यांश की जान न जाती और न ही 3 बच्चे संकट में पड़ते। महापौर मीनल चौबे इन घटनाओं के घंटों बाद एक्शन मोड में नजर आयीं। उन्होंने शहर के सभी बीएसयूपी और पीएमवाय कालोनियों तथा निगम के अन्य परिसर के सेप्टिक टैंक और संपवेल के मेनहोल को 24 घंटे के अंदर ▶▶|शेष पेज 13 पर



*समायोजन के लिए बनाई गई कमेटी अब तक नहीं ले सकी है निर्णय*

## धरने पर बैठे शिक्षक को बिच्छू ने मारा डंक, बाइक से अस्पताल ले गए साथी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


समायोजन की मांग कर रहे बीएड डिग्रीधारी शिक्षकों के धरना-प्रदर्शन को 100 दिन से अधिक समय हो चुका है। शिक्षकों के समायोजन के लिए शासन द्वारा बनाई गई कमेटी अब तक कोई निर्णय नहीं ले सकी है। कमेटी की कई बैठकें हो चुकी हैं, इसके बाद भी अब तक कोई राह नहीं निकलने से शिक्षक हताश हैं। धरना-प्रदर्शन के बीच कई तरह के हादसों का सामना कर रहे शिक्षक जल्द ही समायोजन की ▶▶|शेष पेज 13 पर













### देर रात क्लब में पुलिस की दबिश, दी चेतावनी




**रायपुर।** नवा रायपुर के राखी थाना क्षेत्र में पुलिस ने रविवार देर रात रात आईपी क्लब और एल्सवेयर क्लब में छापे की कार्रवाई की। छापे की कार्रवाई एएसपी नवा रायपुर विवेक शुक्ला के दिशा-निर्देश पर की गई। पुलिस जब क्लब में छापे की कार्रवाई करने पहुंची, तब युवक, युवती नशे में धुत होकर देर रात तक पार्टी करते मिले। तय समय पर क्लब बंद नहीं करने पर पुलिस ने क्लब संचालकों को फटकार लगाई। पंचनामा बनाकर रायपुर कलेक्टर को कार्रवाई के लिए कॉपी भेजी गई है।

### नशा करते आधा दर्जन युवक दबोचे गए



**रायपुर।** राजेंद्र नगर पुलिस ने स्थानीय रहवासियों की शिकायत पर अपना गार्डन, पुरैना तालाब, आरडीए बिल्डिंग तथा मेडिशाइन अस्पताल के पास आधा दर्जन लोगों को नशा करते पकड़ा। इनके खिलाफ पुलिस ने प्रतिबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर नशा करने के आरोप में आकाश कुमार सेन, शेख शाहरुख, रोशन कुमार साहू, देवेंद्र यादव, सौरभ साहू तथा प्रमोद बंछोर के खिलाफ कार्रवाई की।

## खबर संक्षेप



### भक्तों ने किया भागवत कथा का रसपान

**तिल्दा नेवरा।** वार्ड क्रमांक 19 तिल्दा बस्ती में मां मावली माता मंदिर के सामने स्व गिरधारी लाल वर्मा की स्मृति में संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन 13 अप्रैल से कलश यात्रा निकलकर की गई है कथा 20 अप्रैल रविवार तक आयोजित है। इसके कथाकार पंडित प्रदीप चौबे जी है। जो प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक अपने श्रीमुख से कथा का श्रवण करा रहे है। स्व गिरधारी लाल वर्मा के परिजन सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित होकर कथा का रसपान कर रहे है।

### क्रिकेट प्रतियोगिता में बड़गांव विजेता

**आरंग।** आदर्श ग्राम पंचायत फरफौद में चल रही पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ। प्रतियोगिता में 32 टीमो ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला में बड़गांव की टीम ने आरंग के टीम को हरा कर क्रिकेट प्रतियोगिता जीता। आरंग की बागेश्वर पारा की टीम उपविजेता रही। बेल्दारसिवनी की टीम ने तीसरे स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता खिलाड़ी को प्रीतम साहू जनपद सदस्य आरंग के मुख्यातिथि प्रिया पंकज चंद्राकर सरपंचख गोविंद साहू, नीरज चंद्राकर, संदीप साहू सहित बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमियों व ग्रामवासियो की मौजूदगी में पुरुस्कार प्रदान किया गया।

**अधिवेशन**

**नरदाहा में समाज के भवन निर्माण के लिए 50 लाख देने की घोषणा की**

# राष्ट्र निर्माण में कुर्मी क्षत्रिय समाज का रहा है गौरवशाली इतिहास : मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरपोंगी

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के दो दिवसीय केंद्रीय महाअधिवेशन रायपुर राज के इंडोर स्टेडियम रायपुर में आयोजित किया गया। वहीं महाधिवेशन में 11 जोड़े शादी हुआ। जिसे अतिथियों ने आशीर्वाद दिया और उनके उज्वल भविष्य की कामना किया गया। कार्यक्रम को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि वे किसानों का 3100 में धान खरीदी कर रहे, आज हजारों पीएम आवास स्वीकृति किया गया। सरकार अब बुजुर्गों को तीर्थयात्रा योजना अंतर्गत यात्रा में भेज रही है जिससे बुजुर्ग लोग बुढ़ापे में तीर्थ लाभ ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुर्मी समाज का बड़ा नाम है और छत्तीसगढ़ में अपनी एक अलग पहचान है। उन्होंने समाज के नरदाहा भवन के निर्माण के लिए 50 लाख रुपए की घोषणा की। कार्यक्रम को पूर्व राज्यपाल रमेश बैस ने संबोधित करते हुए कहा कि कुर्मी क्षत्रिय समाज का अपना गौरव शाली इतिहास है उन्होंने समाज में समानता बनी रहे इस दिशा में समाज को काम करना चाहिए। उन्होंने समाज में होने वाले चुनाव के औचित्य पर सवाल उठाए और कहा कि समाज का पद एक सेवा का पद है तो इसमें चुनाव को लेकर इतनी प्रतिस्पर्धा क्यों उन्होंने कहा चुनाव से समाज कमजोर होता है। इस लिए संगठित रहो और समाज के विकास के लिए काम करे जो समाज के पदाधिकारी बनते है उन्हें न वेतन मिलता है न भत्ता इस लिए समाज का चुनाव सर्वसम्मति से कराया जाना चाहिए। वही उन्होंने कहा कि समाज को संगठित करने की जरूरत है तभी आपकी पूछ परख होती रहेगी उन्होंने समाज के पुरोधाओं के त्याग और समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्यों का बखान किए।






### कुर्मी समाज सबसे बुद्धिमान और समृद्ध : सांसद

रायपुर सांसद बृज मोहन अग्रवाल ने कहा कि उनका कुर्मी समाज से काफी आत्मिक संबध और आज पूर्व राज्यपाल रमेश बैंस के साथ रहकर वे 5 बार मंत्री और 8 बार विधायक होने के बाद सांसद बन गए है। कुर्मी समाज सबसे बुद्धिमान और समृद्ध समाज है और इस महाधिवेशन में आए सभी समाज प्रमुखों और पदाधिकारी को सफल आयोजन का बधाई उन्होंने सामाजिक भवन के लिए 10 लाख देने की घोषणा की। कार्यक्रम को रायपुर ग्रामीण विधायक मोती लाल साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि में खुद समाज का दो दो बार मुखिया रहा हूं इस लिए समाज की बातों को बहुत अच्छे समझता हूं उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को एक जुट रहने के लिए अधिवेशन और सामाजिक संगठन को मजबूत होना जरूरी है। उन्होंने कुर्मी समाज के भवन के लिए 15 लाख रुपए देने की घोषणा की।

### एकजुट होकर समाज हित में करें काम : वर्मा

कार्यक्रम को कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि समाज में जो योग्य व्यक्ति है उसे आगे बढ़ाने मदद करें उसकी खिंचाई न करें अगर मदद नहीं कर सकते है तो शांत रहे। उन्होंने कहा की जिसकी खिंचाई करते है वे आगे बढ़ जाते हैं इस लिए उनका आग्रह है कि समाज को एक जुट कर समाज हित में काम किया जाए। उन्होंने कहा कि वे समाज के बेटे है उनकी जब भी समाज को जरूरत होगी वे हमेशा तैयार है। वहीं उन्होंने राज्य सरकार द्वारा डॉ. खूबचंद बघेल सौर ऊर्जा योजना का नाम रखने की बात कहते हुए कहा कि सरकार छत्तीसगढ़ के विकास के लिए बहुत काम कर रही है । केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप ने कहा कि समाज द्वारा आज जो प्रस्ताव पास किया उसके लिए आभार समाज हित के लिए ये जरूरी था। समाज में प्री वेडिंग पर रोक लगाने ,राज प्रधान एवं केंद्रीय अध्यक्ष का चुनाव एक साथ कराने प्रस्ताव लाया गया जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। साथ ही समाज में अनिवार्य सहयोग राशि में इजाफा का भी प्रस्ताव लाया गया जिसे पारित किया गया। श्री कश्यप ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि समाज के महापुरुषों का नाम सरकार द्वारा बदलने की नीति को खेद जनक बताया और कहा कि ऐसे नाम नहीं बदलना चाहिए इससे समाज की भावना आहत होती है। उन्होंने समाज के आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान बच्चों को मदद कर समाज के द्वारा ऐसे बच्चों की शिक्षा पूर्ण कराने की बात पर बल दिया और कहा कि ऐसे बच्चों को समाज पढ़ाएगा।

### प्रतिभावान बच्चों को पढ़ाने में मदद करें

मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा शादी के पूर्व प्री वेडिंग पर प्रतिबंध लगाने, समाज में आर्थिक रूप कमजोर प्रतिभावान बच्चों को समाज द्वारा गोद लेकर पढ़ाने की पहल किए जाने, समाज में अप्रासंगिक कुरीतियों जो समाज के विकास में अवरुद्ध पैदा करते हैं, उसे दूर करने संबंधी प्रस्ताव पारित किए गए ।

मेधावी छात्रों का एवं समाज के गौरव सम्मान किया गया। केंद्रीय युवा एवं महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें समाज में प्रतिद्वंदता समाप्त कर सबको साथ में लेकर चलने, विवाह विच्छेद न हो उसके लिए काउंसलिंग की व्यवस्था समाज में संस्कार शिक्षा, महिलाओं की समाज में अधिक से अधिक भागीदारी, सामूहिक आदर्श विवाह को प्रोत्साहन, किसी प्रकार के नशा से दूर रहने, पर्यावरण की सुरक्षा आदि विषय पर चर्चा किया गया।

### ये रहे शामिल

कार्यकम में केंद्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोती लाल वर्मा, महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा, रघुनंदन लाल वर्मा, विपिन बिहारी वर्मा, केके नायक, तोरण नायक, कोषाध्यक्ष जागेश्वर बघेल एवं लक्ष्मी वर्मा, लक्ष्मी बघेल, केंद्रीय महिला अध्यक्ष सरिता बघेल युवा अध्यक्ष चंद्रकांत वर्मा, रायपुर राज प्रधान जागेश्वर वर्मा, सचिव रायपुर एवं अन्य सुनीता वर्मा, ठाकुर राम वर्मा, हरिराम वर्मा, चिंता राम वर्मा, नीलमणि परगनिहा, चंद्रभामा परगनिहा, युगल किशोर आडिल, ईश्वरी वर्मा, राम खिलावन वर्मा, संतोष, शेखर वर्मा, प्रवीण धुरंधर, भूपेंद्र वर्मा, भानु प्रताप वर्मा, श्रद्धा नायक, सुनील वर्मा, सरिता वर्मा, अन्नू कश्यप सहित बड़ी संख्या में सामाजिक गण उपस्थित रहे।

# शिक्षा के माध्यम से दिशा व दशा बदल सकते हैं : नारायण प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद

राजधानी के पास स्थित गुरु अमरदास गुरुद्वारा परिसर में 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर उसके छायाचित्र पर दीप प्रचलित का पुष्प माला अर्पित किया।

उनके सिद्धांतों व उपदेशों को मेला समिति अध्यक्ष नारायण प्रसाद कुर्रे ने अपने उद्बोधन में बताया गया कि डॉ भीमराव अंबेडकर जी ने उपदेश दिया कि शिक्षित बनो संगठित रहो संघर्ष करो। वे मनाते थे की शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे हर कोई अपना दिशा और दशा बदल सकते हैं तथा समाज में परिवर्तन लाया जा सकता है। वहीं डॉ भीमराव अंबेडकर जी का संपूर्ण जीवन पिछले वंचित किसानो महिलाओं को समानता का अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष करने में बीता। जिन्होंने समता समानता संप्रभुता और बंधुत्व स्वतंत्रता की माला से संपूर्ण विश्व को एकता का संदेश दिया। जिसके चलते आज विश्व पटल में भारतीय संविधान अपना अलग पहचान बनाया। जहां डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने हमारे देश को विश्व का सबसे बड़े लिखित संविधान दिया। जहां हमें अधिकार के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए भी प्रतिबद्ध करता है। जिसके बदौलत हम अपने मौलिक अधिकार के लिए बिना रक्तरंजिश के अपने बातों को रख सकते हैं। वहीं डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने स्वाभिमान के साथ जीना सिखाया। जिन्होंने अपने मान सम्मान के साथ समझौता नहीं करने की संदेश दिया। जिसमें प्रमुख रूप से नारायण प्रसाद कुर्रे मेला समिति अध्यक्ष ने जनक खेलवार, लक्ष्मण घृतलहरे, विजय डहरिया, संवल दास, पुरुषोत्तम कुर्रे, नरेंद्र कुर्रे, सुरेश कुर्रे, भंडारी ससाटीदार समाज के प्रबुद्धजन सम्मिलित हुए।

- **बाबासाहेब ने समता, समानता, संप्रभुता और बंधुत्व स्वतंत्रता की माला से संपूर्ण विश्व को पिरोया**

# ग्राम बरौदा में माता कर्मा जयंती की धूम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ग्राम बरौदा में आयोजित कर्मा जयंती समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने माता कर्मा के त्याग, सेवा और भक्ति भाव पर प्रकाश डाला। श्री शर्मा ने कहा कि माता कर्मा न केवल साहू समाज बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ की आराध्य देवी हैं। उनका जीवन हमें निःस्वार्थ सेवा और भक्ति का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि माता कर्मा ने जिस प्रकार भगवान कृष्ण के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा और प्रेम प्रकट किया, वह हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। विधायक ने आगे कहा कि माता कर्मा ने समाज के सभी वर्गों को प्रेम और सद्भाव के साथ रहने का मार्ग दिखाया। उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं और हमें मिलजुल कर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने बरोदा ग्राम के लोगों को कर्मा जयंती की शुभकामनाएं दीं और कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवंत रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी से माता कर्मा के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर ग्राम के गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। कार्यक्रम में माता कर्मा की पूजा-अर्चना की गई और पारंपरिक नृत्य एवं संगीत का आयोजन भी हुआ।

# बाबा साहब ने अछूत, अमीरी- गरीबी के भेदभाव को मिटाने किया था संघर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



ब्लॉक मुख्यालय अभनपुर मे डॉ भीमराव अंबेडकर प्रतिमा का अनावरण मुख्य अतिथि विधायक इन्द्रकुमार साहू द्वारा किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में सभी समाज के लोग शामिल रहे। इस अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कहा कि वास्तव मे डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन कष्टमय था उन्होने छूआछूत,अमीरी गरीबी के भेदभाव को मिटाने बहुत संघर्ष किया,बाबा साहब के बनाये गये संविधान के बदौलत आज मानव मानव मे असमानता का भाव दूर हुआ है, डॉ. भीमराव अंबेडकर जी को आज केवल भारत देश मे ही नही बल्कि विश्व मे संविधान निर्माण को याद किया जाता है,ऐसे महान पुरूष को आजादी के 5 साल बाद वाजपेयी शासन काल मे भारत रत्न का सम्मान दिया गया यह हमारे लिए गौरव की बात है, 50 वर्षो तक बाबा साहब के नाम से राजनीतिक पार्टियां लाभ लेती रही लेकिन उनको जो सम्मान मिलना चाहिए वह नही मिल पाया ,2015 मे प्रधानमंत्री मोदी ने पूरे देश मे संविधान दिवस मनाने का निर्णय लिया तथा 2017 मे अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान केन्द्र का स्थापना किया तथा ऐसे प्रमुख 5 जगहो पर जहां भीमराव अंबेडकर जी पढ़े व जन्म लिये है ऐसे स्थल को तीर्थ स्थल घोषित किये गये है। जिस संविधान की पंच से लेकर सरपंच, पार्षद शपथ लेते है,संविधान निर्माता अंबेडकर जी ने नाम पर राजनीति नही होनी चाहिए, वह किसी एक पार्टी व किसी एक समाज के नहीं बल्कि देश की बहुसंख्यक आबादी के मसीहा है इनकी बदौलत आज गरीब से गरीब व्यक्ति के सपने साकार हो रहे है। इस अवसर पर पालिका अधिकारी राजेश तिवारी, जपं. अध्यक्ष श्रीमति चन्द्रिका जितेन्द्र बंजारे,उपाध्यक्ष खेलूराम साहू, प्रदीप शर्मा, मंडल अध्यक्ष भरत बैस, सरपंच संघ अध्यक्ष मुकेश ढीढी, रूपनारायण साहू, मीना साहू, चंपा लेदेकर, आसकरण गिलहरे, सुशीला हरवंश, गब्बू ध्रुव, किशन शर्मा, बबला यादव, देवेन्द्र वर्मा, सूरज साहू, राघवेन्द्र साहू, टिकेन्द्र ठाकुर, रामकुमार साहू, किशोर शर्मा, विजय राव, खुशवंत सिन्हा, चेतना गुप्ता उपस्थित थे।

### समोदा में आंबेडकर जयंती मनाई गई



**आरंग।** नगर पंचायत समोदा के वार्ड क्र. 11 में संविधान के निर्माता व भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134वी जन्म जयंती के अवसर पर भाजपा समोदा मंडल द्वारा उनकी मूर्ति में माल्यार्पण कर मिठाई वितरण किया गया। इस दौरान देवकुमार साहू मंडल अध्यक्ष समोदा, पीलाराम निषाद महामंत्री, गजेन्द्र वर्मा महामंत्री, नेतराम वर्मा महामंत्री, रीषभ साहू मीडिया प्रभारी, जयकांत वर्मा पूर्व सरपंच चिखली, चेतन साहू, प्रेम साहू, रोशन साहू, रविशंकर ढीढी, चंद्रकांत सोनी, ढालू पाल, बुधेलाल, चिंताराम भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



### सकरी में मनाई गई आंबेडकर जयंती

**मंदिर हसौद।** महान समाज सुधारक व भारतीय संविधान के शिल्पी भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर जी की जयंती ग्राम पंचायत सकरी में जयंती मनाया गया। जिसमें ग्राम के सरपंच श्रीमती सोनल प्रशांत कुर्रे जनपद सदस्य प्रतिनिधि लोकेश साहू उपसरपंच पूर्णिमा सिन्हा पंचगण धनेश्वरी गेन्द्रे, सजनी लहरे, ईश्वर दिवाकर, उमेश गेन्द्रे, नील कण्ठ निषाद, लोमेश ध्रुव, लक्ष्मी नारायण दिवाकर, अलका कुर्रे, प्रीति रात्रे, नेहा गेंद्रे, गुंजन लहरे, जागेश्वर कुर्रे, नरेंद्र लहरे, लक्षीनाथ, देवा सिन्हा दीनदयाल, श्याम गेन्द्रे, उत्तम लहरे महेंद्र गेन्द्रे, धनश्याम पाल सहित ग्राम वासी उपस्थित रहे।

### तिल्दा-नेवरा में मनाई गई आंबेडकर जयंती

**तिल्दा नेवरा।** डॉ भीमराव अंबेडकर जी के जयंती पर्व पर वार्ड नंबर 4 और 17 में उनके जन्मदिवस पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की गई और उनके योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष लेमीक्षा गुरु डहरिया, धर्मेंद्र कुमार डहरिया पार्षद वार्ड 4 गुरु घासीदास वार्ड सहित वार्ड वासियों ने उपस्थित होकर उक्त जयंती मनाई।

## महादेव सट्टा व रिशु एप पर फूटा जनता का गुस्सा

**तिल्दा नेवरा।** महादेव सट्टा मामले में एक तरफ सीबीआई पूर्व कांग्रेस सरकार पर शिकंजा कसा है, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भी सीबीआई ने आरोपी बनाया है। मामले की जांच भी की जा रही है। महादेव सट्टा एप का जाल तिल्दा नेवरा तक बिछा हुआ है, रिशु एप के नाम से भी कई आईडी लेकर सट्टा बाजार चलाए जा रहे हैं। यह भी बताया जा रहा है कि कांग्रेस जब सत्ता में थी तब भाजपा के एक नेता द्वारा जमकर सट्टेबाजी का खेल खेल गया इसमें तिल्दा नेवरा के कुछ बड़े कांग्रेसी कहे जाने वाले कांग्रेसी नेता का सहयोग संरक्षण की बात सामने आई है। अब भाजपा सरकार बनने के बाद भी महादेव और रिशु सट्टा एप का कारोबार बेखौफ चलाया जा रहा है। महादेव ऐप व रिशु एप तिल्दा नेवरा में जमकर चल रहा है। ऐसे में सवाल उठ रहे है कि क्या तिल्दा नेवरा में चल रहे इन दोनों ऐप पर कोई कार्रवाई की जाएगी या कोई राजनीतिक दबाव के चलते मामला ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

**ज्योतिबा फुले की प्रतिमा का हुआ अनावरण**

# ज्योतिबा फुले ने शिक्षा के क्षेत्र में किए अनुकरणीय कार्य : इन्द्रकुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

नगर पालिका अभनपुर वार्ड नंबर 11 में अभनपुर राज मरार पटेल समाज के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण एवं ज्योतिबा फुले प्रतिमा का अनावरण तथा वार्षिक सम्मेलन रखा गया था, जिसमें अभनपुर राज सहित प्रदेशभर के विभिन्न राजो के राज अध्यक्ष व प्रदेश पदाधिकारी आयोजन में शामिल हुये कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इन्द्रकुमार साहू व अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ईश्वर पटेल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप प्रदेश अध्यक्ष महासंघर बरत राम पटेल, सुरेन्द्र पटेल, सुनील पटेल, ब्रम्हदेव पटेल, कपिल पटेल, पतिराम पटेल, ललित पटेल, गिरधर, शगुन पटेल, बिसेसर पटेल, टीआर पटेल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा 30 लाख रुपए से निर्मित नवनिर्मित भवन का लोकार्पण तथा महात्मा ज्योतिबाफुले व माता शांकभरी की मूर्ति का अनावरण किया गया एवं विधायक इन्द्रकुमार साहू ने समाज को संबोधित करते कहा कि हम सब सामाजिक मंचों के माध्यम से समाज के गौरव का गुणगान करते उनके आदर्शो को ग्रहण करने का प्रयास करते है महान समाज सेविका सावित्री फूले जिस समय देश की अशिकांश महिलाए शिक्षा से अभिग्न थी उस दौरान शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य किए गए। यह पटेल समाज ही बल्कि समस्त पिछड़े वर्ग के लिए गौरव की बात है ,पटेल समाज अपने दम पर सब्जी भाजी का उत्पादन करके अपने परिवार का भरण पोषण करता है साथ ही अन्य समाज के लिए स्वास्थ्य की दृष्टि से सहायक सिद्ध हो रहे है। इस प्रतिस्पर्था के दौर मे बाजार में आज भी समाज की विश्वनीयता बरकरार है, आज भी प्राथमिकता में पटेल मरार समाज से लोग सब्जी खदीदना पसंद करते है। बढ़ते प्रतिस्पर्धा के दौर मे समाज को आधुनिक तकनीकियों का उपयोग करना चाहिए, प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत की परिकल्पना को अन्य पिछड़ावर्ग के योगदान के बिना संभव नही है, आज के समय मे धार्मिक व सामाजिक मंच मे हर जगह माताओं बहनों की संख्या अधिक होती है वही पुरूष वर्ग इससे दूर होते जा रहे है अधिक ांश युवा नशापान के गिरफ्त मे फंसते जा रहे है जब तक युवा नशापान त्याग कर सात्विक विचारधारा की ओर नही बढ़ेगे तब तक समाज विकसित नही होगा,जब समाज विकास करेगा तो हमारा देश भी विकास करेगा,युवाओ के मन मे आगे बढने की प्रतिस्पर्धा होगी तो कामयाबी जरूर मिलेगी, लक्ष्य व सोच बड़ा है तो आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता।





### ज्योतिबाफुले और सावित्री बाई समाज के गौरव

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष एवं नवनिर्वाचित राज अध्यक्ष ईश्वर पटेल ने कहा कि जिस समय माताओं को पढ़ने का अधिकार नही दिया जाता था उस समय सावित्री बाई फुले ने पहली बार बालिका पाठशाला खोला, ऐसे महात्मा ज्योतिबाफुले और सावित्री बाई फुले जो हमारे समाज के गौरव है उनके आदर्श को हम नमन करते है समाज का उद्देश्य केवल सामाजिक रोटी, बेटी, न्यान्य व्यवस्था संपन्न कराना नहीं है बल्कि समाज को विकास की दिशा कैसे दे, समाज को कैसे आगे बढ़ाये, रूढ़िवादी परंपरा के जगह नए परपंरा स्थापित कर नई दिशा दे यही समाज का उद्धेश्य है। कार्यक्रम में समाज में प्रबुद्ध नागरिकों एवं नवनिर्वाचित जनप्रतिनधियों को समाज की ओर से सम्मानित किया गया। इस मौके पर धमेन्द्र पटेल, महेन्द्र पटेल,अवध पटेल, ईश्वर पटेल, मधुसूदन पटेल, तोरण पटेल, कोमल पटेल, नेतूराम पटेल, केजूराम पअेल, भारत पटेल, व्यासनारायण पटेल, संजय पटेल, माधवराम पटेल, महादेव पटेल, मिलन पटेल, टेकराम पटेल, देमन पटेल, बुधारू राम पटेल, संतोष पटेल आदि बड़ी संख्या मे समाज के लोग उपस्थित रहे।

# उमरिया में धूमधाम से मनी आंबेडकर जयंती



**आरंग।** ग्राम पंचायत उमरिया में सोमवार को पंचायत भवन के पास रंगमंच में उपस्थित होकर भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सरपंच अशोक कुमार बंदे ने अपने उद्बबोधन मे कहा कि बाबा साहब न केवल भारतीय संविधान के निर्माता थे, बल्कि एक ऐसे युगपुरुष भी थे। जिन्होंने सदियों से उपेक्षित समाज को आत्मसम्मान और अधिकार दिलाने का कार्य किया। आज जब हम उनकी जयंती मना रहे हैं, तो हमें उनके दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प लेना चाहिए, जिसमें सभी को बराबरी का अधिकार हो, शिक्षा सबके लिए हो और समाज में कोई भेदभाव न हो।इस अवसर पर सरपंच ने सभी ग्रामवासियों से आग्रह करते हुए कहा कि हम सब मिलकर अपने गाँव को शिक्षा, स्वच्छता, और समरसता का आदर्श बनाएं। यही बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में अशोक कुमार बंदे सरपंच, अर्जुन कुमार भारती उपसरपंच, हृदयलाल जांगड़े पूर्व जनपद सदस्य, डॉ शिवकुमार जोशी, मुकेश डहरिया पंच, संगीता रात्रे पंच, द्रौपदी यादव पंच, मनीषा निषाद पंच, पार्वती कुर्रे पंच, राजेश जांगड़े, मनोज जांगड़े, संजयलाल जांगड़े, लल्लूराम डहरिया, जयलाल रात्रे, निखिल पुरेना, नरेंद्र गिलहरे सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ में पेट्रोल पंप के लिए लाइसेंस की अनिवार्यता खत्म

**दोहरी अनुमति की प्रक्रिया को हटाकर बनाया आसान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए पेट्रोलियम रिटेल आउटलेट्स यानी पेट्रोल पंप के लिए राज्य स्तर पर लाइसेंस की अनिवार्यता को खत्म कर दिया है। यह बदलाव 14 नवंबर 2024 को खाद्य नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण विभाग की ओर से जारी एक अधिसूचना के जरिए लागू किया गया है। अब पेट्रोल पंप खोलने के लिए व्यवसायियों को सिर्फ केंद्रीय पेट्रोलियम अधिनियम के नियमों का पालन करना होगा। पहले की दोहरी अनुमति की प्रक्रिया को हटाकर इसे आसान बना दिया गया है।

पहले पेट्रोल पंप शुरू करने के लिए व्यवसायियों को कलेक्टर के माध्यम से खाद्य विभाग से क्रय विक्रय का लाइसेंस प्राप्त करना होता था। प्रत्येक वर्ष अथवा तीन वर्ष में एक बार लाइसेंस का रिन्यूवल कराना होता था। राज्य शासन और केंद्र, दोनों जगह से अनुमति लेने की दोहरी प्रक्रिया से समय और पैसा दोनों खर्च होते थे, साथ ही कागजी कार्रवाई भी बढ़ जाती थी। अब केवल केंद्र के नियमों का पालन करना काफी होगा। इससे व्यवसायियों को राहत मिलेगी और पेट्रोल पंप खोलने की प्रक्रिया तेज और सस्ती हो जाएगी। यह कदम छत्तीसगढ़ में व्यवसाय को बढ़ावा देने और नियमों को सरल बनाने की दिशा में बड़ा बदलाव है। नए व्यवसायी, खासकर छोटे उद्यमी

**पेट्रोल पंप खोलने सिर्फ केंद्रीय पेट्रोलियम अधिनियम के नियमों का पालन करना होगा**



और तेल कंपनियां, बिना ज्यादा परेशानी के अपना काम शुरू कर सकेंगे। यह सुधार ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में पेट्रोल पंप खोलने को बढ़ावा देगा, जहां अभी ईंधन की पहुंच कम है।

### राज्य और जनता को यह लाभ

बदलाव से छत्तीसगढ़ में ईंधन की उपलब्धता बढ़ेगी, जिससे लोगों को पेट्रोल-डीजल आसानी से मिल सकेगा। खासकर उन इलाकों में, जहां अभी पेट्रोल पंप कम हैं, वहां सुविधा बेहतर होगी। साथ ही, नए पेट्रोल पंप खुलने से राज्य में निवेश बढ़ेगा और बुनियादी ढांचे का विकास होगा। यह सरकार के उस लक्ष्य को भी पूरा करता है, जिसमें व्यवसाय करने में आसानी और आर्थिक विकास पर जोर दिया गया है।

### छत्तीसगढ़ बन रहा व्यवसाय के लिए आकर्षक- साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का कहना है कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में व्यवसायों के लिए अनुकूल माहौल बनाने को लेकर गंभीर है। नियमों को सरल करके और अनावश्यक बाधाओं को हटाकर राज्य उद्योग, व्यवसाय को सहूलियत और निवेश को प्रोत्साहित करने की दिशा में काम कर रही है। इससे न सिर्फ व्यवसायियों को फायदा होगा, बल्कि राज्य की जनता को भी बेहतर सेवाएं मिलेंगी। छत्तीसगढ़ सरकार के इस निर्णय से पेट्रोल पंप खोलना आसान हो गया है। यह कदम न केवल सभी क्षेत्रों में ईंधन की पहुंच बढ़ाएगा, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करेगा।

## खबर संक्षेप



### प्राचीन दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर से निकाली शोभायात्रा

**रायपुर।** फाफाडीह रमण मंदिर वार्ड स्थित श्री पिपलेश्वर महादेव दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर में 17वें वर्ष हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस वर्ष हनुमान जनमोत्सव शनिवार पड़ने की वजह से भक्तों में हनुमानजी के प्रति और भी अधिक भक्तिभाव देखा गया। मंदिर समिति संयोजक घनश्याम राजू तिवारी ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें विशेष रूप दुर्ग से बुलवाई गई भगवान श्रीराम भक्त हनुमानजी की मूर्ति रथ पर सवार झांकी ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। लल्लू महराज एवं अंशु महराज की भजन मंडली द्वारा देर रात्रि तक संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान भजन की प्रस्तुति ने भक्तों का मन मोह लिया। मंदिर समिति संयोजक श्री तिवारी ने श्री हनुमान जन्मोत्सव 2025 के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रम को सफल बनाने समिति सदस्यों एवं आयोजन में पधारे समस्त माताओं, भाई, बहनों, युवा भक्तों का आभार ज्ञापित किया।

### हनुमान जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा



**रायपुर।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में रामभक्त सेना के तत्वाधान में शंकर नगर प्रखण्ड से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। केनाल लिंकिंग रोड स्थिति संकटमोचक हनुमान मंदिर से शोभायात्रा शुरू हुई। रात्रि 12 बजे मरीन ड्राइव तेलीबांधा सरोवर के समीप भव्य आतिशबाजी एवं महाआरती की गई। आयोजन में मुख्य रूप से रामभक्त सेना के प्रांत संयोजक राज विक्रम, भीम महानंद, धीरज मंधानी, कान्हा बघेल सहित बड़ी संख्या में रामभक्त सैनिक शामिल हुए।

### छात्रावास खोलने की मांग, मंत्री नेताम को सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में स्नातकोत्तर बालक और बालिकाओं के लिए छात्रावास खोलने की मांग को लेकर आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर शासकीय अन्य पिछड़ा वर्ग बालक छात्रावास मोतीनगर के अध्यक्ष पुनेश्वर साहू और उपाध्यक्ष पूनम धीवर ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं के हित को ध्यान में रखते हुए विभिन्न जिलों में बालक-बालिका छात्रावास संचालित किए जा रहे हैं, लेकिन अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए प्रदेश में स्नातकोत्तर छात्रावास नहीं होने के कारण बहुत से छात्र-छात्राएं स्नातकोत्तर स्तरीय अध्ययन से वंचित हो जाते हैं। इस पर विभागीय मंत्री ने मौखिक स्वीकृति प्रदान करते हुए भरोसा दिया है कि हम इस विषय पर जल्द ही पहल करेंगे। मांग करने वालों में संगीता श्रीवास सहित समस्त छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

## दोनों राज्यों की सहमति के बाद निराकरण से बढ़ा जल प्रवाह

# छत्तीसगढ़-ओडिशा के बीच सुलझ गया इंद्रावती-जोरा नाला विवाद

**50-50 प्रतिशत पानी दोनों राज्यों को मिलेगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बीच इंद्रावती नदी पर बना जोरा नाला कई वर्षों तक विवाद में रहा। अब यह सुलझ गया है। नदी में साढ़े तीन करोड़ की लागत से इंद्रावती-जोरा नाला के अपस्ट्रीम एवं डाउनस्ट्रीम में जमा सिल्ट, लूज बोल्डर, पत्थर, रेत की बोरी, मिट्टी इत्यादि को स्थाई रूप से नदी से बाहर करने के लिए उड़ीसा राज्य के द्वारा तैयारी की जा रही है। इससे पानी का बहाव नैसर्गिक तरीके से होता रहेगा एवं छत्तीसगढ़ राज्य को अपने हिस्से का 50 प्रतिशत पानी मिलना शुरू होगा। स्थायी समाधान के लिए एजेंसी तय कर जून 2025 तक कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और सिंचाई मंत्री केदार कश्यप की पहल से यह साकार हो रहा है। गर्मी शुरू होते ही इंद्रावती में जल संकट गहराने लगा था। सिंचाई मंत्री केदार कश्यप ने राजस्थान के उदयपुर में केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जल परिषद की बैठक में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। बैठक में उड़ीसा के सीएम और जल संसाधन विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे। समस्या को देखते हुए तय हुआ कि इसका समाधन निकाला जाए। मुख्यमंत्री साय ने इसी बीच उड़ीसा प्रवास के दौरान वहां के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी के साथ मुलाकात में इस मुद्दे पर ध्यान दिलाया। दोनों राज्यों के सिंचाई विभाग एवं प्रशासनिक अमले के द्वारा इसका संयुक्त अवलोकन किया। इसके बाद अस्थाई तौर पर छत्तीसगढ़ की ओर जल प्रवाह में रुकावट बन रही समस्याओं का निराकरण किया गया। छत्तीसगढ़ को यहां से 16 प्रतिशत पानी मिलता था, वह बढ़कर 49 प्रतिशत पहुंच गया है। समझौते के अनुसार दोनों राज्यों का 50:50 प्रतिशत पानी का करार है।




इंद्रावती- जोरा नाला पर बनेगा पक्का स्ट्रक्चर

बताया गया है कि जोरा नाला की समस्या की जड़ ग्राम सूतपदर है, जहां उड़ीसा सीमा पर इन्द्रावती दो धाराओं में बंट जाती है। एक धारा इन्द्रावती नदी के रूप में पांच किलोमीटर उड़ीसा में बहकर ग्राम भेजापदर से छत्तीसगढ़ में प्रवेश करती है। यह आगे जगदलपुर और चित्रकोट होते हुए गोदावरी में मिलती है। दूसरी धारा जोरा नाला के रूप में 12 किलोमीटर बहकर शबरी नदी में मिलती है। पहले दोनों धाराओं में पानी बराबर बंटता था। समय के साथ जोरा नाला का बहाव बढ़ता गया और इन्द्रावती का बहाव घटता गया। छत्तीसगढ़ और उड़ीसा के प्रमुख अभियंताओं की बैठक में निर्णय लिया गया कि इन्द्रावती जोरा नाला संगम पर 50-50 प्रतिशत जल बंटवारे के लिए पक्का स्ट्रक्चर बनाया जाएगा।

### अवरोध हटने से बढ़ा जल प्रवाह

छत्तीसगढ़ जल संसाधन विभाग द्वारा 11 अप्रैल को हाइड्रोलिक कंट्रोल स्ट्रक्चर का मापन कर देखा गया कि इंद्रावती नदी में जल का प्रवाह 11 क्यूमेक हो गया जो मार्च के अंतिम सप्ताह में 2 क्यूमेक तक गिर गया था। इंद्रावती में बढ़े जल प्रवाह का लाभ छत्तीसगढ़ राज्य को भी मिल रहा है। अब राज्य की ओर 5.4 क्यूमेक जल प्रवाहित हो रहा है। दोनों राज्यों की संयुक्त टीम ने इंद्रावती-जोरा नाला के मुहाने का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बनी सहमति के अनुसार, हाइड्रोलिक कंट्रोल स्ट्रक्चर के अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम में जमा रेत, लूज बोल्डर, रेत बोरी और अन्य अवरोधों को हटाकर अस्थायी रास्ता बनाया गया।

### स्थायी समाधान की दिशा में प्रयास

दोनों राज्यों के बीच सचिव स्तरीय चर्चा में बस्तर जिले में गहराते पेयजल संकट को दृष्टिगत रखते हुए जल संसाधन विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ के हितों की रक्षा और जल बंटवारे को सुनिश्चित करने के लिए स्थायी समाधान पर जोर दिया गया। इन्द्रावती-जोरा नाला मुहाने पर बने हाइड्रोलिक कंट्रोल स्ट्रक्चर के दोनों ओर जमा रेत, पत्थर, मिट्टी और अन्य अवरोधों को स्थायी रूप से हटाने उड़ीसा सरकार को प्रस्तुत साढ़े तीन करोड़ रुपये के प्राक्कलन को जल्द स्वीकृति के लिए सचिव जल संसाधन उड़ीसा ने सहमति दी है। स्वीकृति के बाद एजेंसी तय कर जून 2025 तक कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

## सामूहिक आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को मिलेगी दोगुनी राशि

- नक्सल मुक्त पंचायतों में एक करोड़ के विकास कार्य होंगे
- आपराधिक प्रकरण समाप्त करने पर भी होगा विचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नक्सल प्रभावित छत्तीसगढ़ में अब हिंसा छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने वाले नक्सलियों को सरकार और अधिक प्रोत्साहन देगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में तैयार नई नक्सल आत्मसमर्पण नीति के तहत सामूहिक आत्मसमर्पण करने वालों को न केवल घोषित इनाम की दोगुनी राशि मिलेगी, बल्कि नक्सल मुक्त घोषित ग्राम पंचायतों में एक करोड़ के विशेष विकास कार्य भी कराए जाएंगे।

नक्सली संगठन की किसी फॉर्मेशन इकाई के यदि 80 प्रतिशत या उससे अधिक सक्रिय सदस्य सामूहिक रूप से आत्मसमर्पण करते हैं, तो उन्हें उनके विरुद्ध घोषित इनामी राशि की दोगुनी राशि प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर और कांकेर जैसे अति नक्सल प्रभावित जिलों में यदि किसी ग्राम पंचायत क्षेत्र में सक्रिय समस्त नक्सली व मिलिशिया सदस्य आत्मसमर्पण करते हैं और ग्राम पंचायत को नक्सल मुक्त घोषित किया जाता है, तो वहां एक करोड़ रुपए के विकासात्मक कार्य स्वीकृत किए जाएंगे।

नई नीति के तहत यदि पति-पत्नी दोनों आत्मसमर्पण करते हैं, तो उन्हें पृथक इकाई मानते हुए अलग-अलग पुनर्वास योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। हालांकि यदि किसी योजना में दोनों को एक इकाई माना जाता है, तो वहीं के अनुसार लाभ मिलेगा। इनामी राशि का निर्धारण दोनों के लिए अलग से किया जाएगा। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली को राहत व सहायता राशि गृह विभाग के बजट से उपलब्ध कराई जाएगी। जिला कलेक्टर को यह सुनिश्चित करना होगा कि आत्मसमर्पण के 10 दिनों के भीतर पूरी राशि संबंधित व्यक्ति को प्रदान कर दी जाए। यदि किसी आत्मसमर्पित नक्सली पर पहले से आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, तो उसके नक्सलवाद उन्मूलन में योगदान और 6 माह तक के अच्छे आचरण को देखते हुए मंत्रिपरिषद की उप समिति इन मामलों को समाप्त करने पर विचार कर सकती है।

## न्याय यात्रा का रूट चार्ट जारी तीसरे दिन पहुंचेगी रायपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के दुर्ग में मासूम बच्ची से हैवानियत को लेकर कांग्रेस न्याय यात्रा निकालेगी। 18 अप्रैल से दुर्ग के गांधी मूर्ति, पटेल चौक से रायपुर तक न्याय पथ यात्रा निकाली जाएगी।

**चौथे दिन राजीव गांधी चौक पर होगा समापन, सीएम हाउस घेराव के लिए कूच करेंगे**

यह यात्रा तीसरे दिन रायपुर के आजाद चौक पहुंच जाएगी। यहां से यह यात्रा 21 अप्रैल को आजाद चौक से राजीव गांधी चौक पहुंच कर खत्म होगी। यहां से मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने के लिए कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता कूच करेंगे। यात्रा के संबंध में पार्टी ने रूट चार्ट जारी किया है। भीषण गर्मी को देखते हुए पदयात्रा दोपहर 4 बजे से शुरू होगी। जारी रूट चार्ट के अनुसार दुर्ग के पटेल चौक से न्याय यात्रा का शुभारंभ होगा। शुभारंभ के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, कांग्रेस के प्रभारी सचिव और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। पहले दिन की यात्रा नेहरू नगर, पॉवर हाउस से होते हुए खुर्सीपार पहुंचेगी। 13.4 किमी की यात्रा के बाद खुर्सीपार में रात्रि विश्राम किया जाएगा। दूसरे दिन की यात्रा खुर्सीपार से चरौदा होते हुए कुम्हारी पहुंच कर रात्रि विश्राम करेगी। तीसरे दिन की यात्रा पगर पालिका कुम्हारी से शुरू होकर टाटीबंध होते हुए आजाद चौक रायपुर पहुंचेगी। यहां रात्रि विश्राम होगा। चौथे दिन 21 अप्रैल को केवल 1.5 किमी की यात्रा सुबह 11 बजे आजाद चौक से राजीव गांधी चौक तक की होगी जहां पर सभा में तब्दील होगी। यहां से मुख्यमंत्री निवास घेराव के लिए कूच होगी।

## नवा रायपुर कैपिटल कांप्लेक्स स्थित आंबेडकर चौक में स्थापित होगी आंबेडकर की विशाल प्रतिमा



**रायपुर।** भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर सोमवार को नवा रायपुर अटल नगर के इंद्रावती भवन के समीप कैपिटल कॉम्प्लेक्स परिक्षेत्र स्थित आंबेडकर चौक पर एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बीआर आंबेडकर जयंती समारोह संयुक्त आयोजन समिति द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं तथा आम नागरिकों ने भाग लिया। भारतीय संविधान की हीरक जयंती वर्ष और डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर आयोजित इस समारोह में यह सर्वसम्मति से संकल्प पारित किया गया कि नवा रायपुर में नवनिर्मित छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन के उद्घाटन के अवसर पर इंद्रावती भवन के सामने स्थित आंबेडकर चौक में संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर की स्थापित होने वाली अष्टधातु की विशाल प्रतिमा का भी अनावरण किया जाएगा।

### सिंधी काउंसिल ने बच्चों को बांटे फल



**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा हॉस्पिटल बाल गोपाल में सोमवार को फल का बास्केट सभी बच्चों को भेंट किया गया। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बाल गोपाल हॉस्पिटल में सभी बच्चों को फ्रूट बास्केट दिए तो बच्चों ने खुशी से उन्हें थैंक्यू अंकल कहा। बच्चों के माता-पिता को भी बास्केट दिए गए। इस अवसर पर सिंधी काउंसिल के महामंत्री सुनील कुकरेजा, नितिन कृष्णानी, धनेश मटलानी, चंदर देवानी, संजय शर्मा, रितेश वाधवा, कमल सोनवानी, शिवा अन्ना उपस्थित थे।

## भाजपा ने प्रदेशभर में मनाई बाबा साहब डॉ. आंबेडकर की जयंती




**रायपुर।** भाजपा ने प्रदेशभर में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया। प्रदेशभर में डॉ. आंबेडकर की प्रतिमाओं, चित्रों पर माल्यार्पण कर संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। इस अवसर पर डॉ. आंबेडकर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री निवास में संविधान निर्माता, समाज सुधारक, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने जगदलपुर के लाल बाग मैदान एवं तिरंगा चौक में आंबेडकर की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर सादर नमन किया। केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने बिलासपुर में पुलिस ग्राउंड के समीप उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सादर नमन किया। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने आंबेडकर के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर सादर नमन किया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे। मेकाहारा) में फल वितरण किया गया। इस अवसर पर रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, प्रदेश मंत्री किशोर महानन्द, जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर, जिला महामंत्री सत्यम दुवा, अशोक पाण्डेय, बजरंग खण्डेलवाल, आशु चन्द्रवंशी, अकबर अली, अमित मैशेरी, तुषार चोपड़ा सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**जारी रहेगा निक्षय निरामय अभियान, पांच बिंदुओं पर बनाया गया है हाईरिस्क ग्रुप**

# लापरवाही बढ़ा रही बीमारी, हाईरिस्क ग्रुप के 55 हजार लोगों की जांच में मिले 900 टीबी संक्रमित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संक्रमितों के साथ रहने, ज्यादा धूम्रपान और पुरानी बीमारियों की जांच में लापरवाही टीबी की बीमारी को निमंत्रण दे रहे हैं। ऐसे लोगों को हाईरिस्क समूह का मानकर की गई स्क्रीनिंग के बाद 55 हजार की जांच में 9 सौ लोगों में क्षय रोग की पुष्टि हुई है। गाइडलाइन के अनुसार उनके उपचार की प्रक्रिया शुरू की गई है। रायपुर जिले में पूर्व में 3809 पंजीकृत मरीज हैं जिन्हें निशुल्क उपचार के साथ फूड बास्केट प्रदान किया जा रहा है।

ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) के संक्रमण को पूरी तरह नियंत्रित करने के लिए विभिन्न तरह के अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके तहत नये मरीजों की पहचान कर उन्हें उपचार की सुविधा

**रायपुर जिले में तीन लाख से ज्यादा लोगों की हुई स्क्रीनिंग, लक्षण पर आगे भी जांच**



प्रदान की जा रही है। इसी सिलसिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सौ दिन के लिए निक्षय निरामय अभियान की शुरुआत की गई थी जिसे आगे भी जारी रखा जाएगा। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार टीबी के नये मरीजों की पहचान के लिए उन लोगों को उन लोगों को जोखिम वाली श्रेणी में शामिल किया गया था जिनका फेफड़ा अधिक उम्र की वजह से कमजोर हो चुका हो, गंभीर बीमारी, टीबी संक्रमितों के साथ रहने वालों को भी जांच दायरे में लाया गया था। अभियान के दौरान रायपुर जिले में 3 लाख से ज्यादा लोगों स्क्रीनिंग की इस दौरान करीब 55 हजार लोगों में टीबी से संबंधित लक्षण पाये गए। उनकी विभिन्न पद्धति से जांच हुई तो 900 लोगों में इस संक्रमण की पुष्टि हो गई। सभी मरीजों को अगले छह माह तक उपचार प्रक्रिया और निक्षय मित्र के रूप में निशुल्क फूड बास्केट देने की प्रक्रिया से जोड़ा गया है।

### 15 हजार की सीधी जांच

अभियान के दौरान स्क्रीनिंग में 15 हजार लोग ऐसे मिल थे जिनमें प्रारंभिक तौर पर टीबी के लक्षण नजर आ रहे थे। ज्यादा जोखिम को ध्यान में रखते हुए इनका सैंपल लेकर सीधे ट्रूनॉट से जांच की गई तो करीब आठ सौ लोग पॉजिटिव मिले। इसी तरह लगभग 40 हजार लोगों को हाईरिस्क आधार पर एक्स-रे किया गया और संदेह पर दो हजार लोगों के सैंपलों की जांच हुई जिसमें 100 लोगों को टीबी संक्रमित पाया गया।

### 48 घंटे में होगी टीबी की पहचान

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों अनुसार के सीवायटीबी इंजेक्शन की मदद से अब 48 घंटे में क्षय रोग की पहचान हो जाएगी। हाईरिस्क वालों में संक्रमण की पुष्टि के लिए इसका जल्दी ही उपयोग किया जाएगा। इंजेक्शन कोहनी के नीचे लगाया जाएगा अगर 48 घंटे के भीतर इंजेक्शन लगाने का निशान 5 सेमी. से ज्यादा बड़ा होता है तो संबंधित शख्स को संक्रमित माना जाएगा। यह इंजेक्शन ढाई सौ स्वास्थ्य कर्मियों को लगाया गया लेकिन किसी को भी संक्रमित नहीं पाया गया। हाईरिस्क ग्रुप में शामिल लोगों को आने वाले दिनों बीसीजी की वैक्सीन लगाने की तैयारी की जा रही है। यह टीका टीबी के बैक्टीरिया को कमजोर कर देता है। स्वास्थ्य अमला इसकी तैयारी में जुट गया है संभवतः अगले माह अभियान की शुरुआत भी की जा सकती है।

## डॉ. पंडा बने छत्तीसगढ़ आयुर्वेद अधिकारी संघ के प्रांताध्यक्ष



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ आयुर्वेद अधिकारी संघ द्वारा बिलासपुर में रविवार को प्रांतीय प्रतिनिधि एवं जिलाध्यक्षों का सम्मेलन और साधारण सभा आयोजित की गई। सम्मेलन में प्रदेश के 23 जिलों के अध्यक्ष, प्रांतीय प्रतिनिधि और आयुर्वेद चि कि त स क शामिल हुए। इसी दौरान संघ के प्रांतीय कार्यकारिणी का भी चुनाव हुआ, जिसमें डॉ. गदाधर पंडा प्रांताध्यक्ष निर्वाचित हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, संयुक्त संचालक आयुष डॉ. सुनील कुमार दास भी बतौर विशेष अतिथि शामिल हुए। इस मौके पर तखतपुर विधायक श्री सिंह ने आयुष चिकित्सा अधिकारियों के चार स्तरीय वेतनमान सहित संविदा आयुर्वेद चिकित्सकों के वेतनमान में बढ़ोतरी सहित अन्य मांगों पर मुख्यमंत्री स्तर पर प्रभावी पहल करने तथा विधानसभा के आगामी सत्र में इन मांगों की ओर शासन का ध्यान आकृष्ट करने के लिए आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। समारोह में संघ के पूर्व प्रांताध्यक्ष डॉ. परस शर्मा एवं डॉ. प्रदीप शुक्ला भी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### साधना साहू ने संभाला जोन अध्यक्ष का पदभार

**रायपुर।** नगर निगम जोन 3 की निर्वाचित जोन अध्यक्ष साधना-प्रमोद साहू ने सोमवार को जोन अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया। इस मौके पर शंकर नगर पानी टंकी परिसर स्थित जोन कार्यालय में उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, निगम सभापति सूर्यकांत राठौर, पूर्व जोन अध्यक्ष डॉ. प्रमोद साहू, छत्तीसगढ़ वित्त और विकास निगम अध्यक्ष लोकेश कावड़िया ने साधना साहू को गुलदस्ता भेंटकर बधाई दी। इसके साथ ही एमआईसी सदस्य संतोष -सीमा साहू, महेंद्र खोडियार, पार्षद पुष्पा -रोहित साहू, नगर निगम जोन 10 जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे, जोन 3 कार्यपालन अभियंता सुशील मोडेस्टस, सहायक अभियंता नरेश साहू सहित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

### शासकीय आईटीआई अधिकारी-कर्मचारियों का विस अध्यक्ष को पत्र

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ आईटीआई कर्मचारी अधिकारी संघ संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण विभाग के अंतर्गत आईटीआई में कार्यरत नियमित प्रशिक्षण अधिकारियों को रोस्टर पालन के नहीं होने के कारण सेवा से बर्खास्त करने हेतु शोकॉज नोटिस जारी किया गया था। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा खारिज होने के बाद भी विभाग द्वारा प्रशिक्षण अधिकारियों को पुनः आरोप पत्र दिया जा रहा है। संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण विभाग केवल 723 प्रशिक्षण अधिकारियों को बार-बार आरोप पत्र देकर सेवा से बर्खास्त करने की कोशिश कर रहा है, जिससे आहत होकर विधानसभा अध्यक्ष से निम्न तथ्यों की जांच उच्च अधिकारियों से कराकर सुशासन तिहार में न्याय प्रदान करने की मांग की गई है।

# नए टैरिफ पर अब तक फैसला नहीं, पर महंगी बिजली का झटका लगना तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

## बिजली नियामक आयोग में दो सदस्य न होने के कारण अब तक अटकी हुई है जनसुनवाई

बिजली नियामक आयोग में अब तक बिजली के नए टैरिफ पर फैसला नहीं हो सका है, लेकिन यह बात तय है कि इस साल भी महंगी बिजली का झटका जरूर लगेगा। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने बिजली नियामक आयोग में नए सत्र के लिए जो याचिका लगाई है, उसमें 45 सौ करोड़ का घाटा बताते हुए इस घाटे को पूरा करने वाला नया टैरिफ लागू करने की मांग की है।

अब आयोग पॉवर कंपनी का लेखा-जोखा देखने के बाद तय करेगा कि वास्तव में उनका कितना घाटा है। उसके हिसाब से ही नया टैरिफ तय होगा। नए टैरिफ से पहले जनसुनवाई होती है, लेकिन अभी जनसुनवाई की तारीख तय नहीं हुई है, क्योंकि इस समय आयोग में दो सदस्यों के पद खाली है। आमतौर पर जनसुनवाई फरवरी में हो जाती है, लेकिन अब तक यह नहीं हो सकी है। इसके होने के बाद ही नया टैरिफ तय होगा।

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने बिजली नियामक आयोग को 2025-26 के लिए जो प्रस्ताव भेजा है, उसमें 45 सौ करोड़ की कमी बताते हुए इसकी भरपाई की मांग रखी है। वैसे तो पॉवर कंपनी को नए सत्र में लगभग 15 सौ करोड़ का फायदा होने का अनुमान है, लेकिन पुराने 2023-24 के सत्र का 6130 करोड़ रुपए का अंतर है। इसमें 15 सौ करोड़ घटाने के बाद भी 45 सौ करोड़ की कमी आ रही है। इसको पूरा करने के लिए टैरिफ में इजाफा होगा। लेकिन यह इजाफा कितना होगा, इसको नियामक आयोग तय करेगा।

### नए सत्र में 1570 करोड़ का फायदा पर पुराना घाटा 6130 करोड़

पॉवर कंपनी ने 2025-26 के लिए जो प्रस्ताव भेजा है, उसमें बताया गया है कि पॉवर कंपनी इस सत्र में 24 हजार 652 करोड़ की बिजली बेचेगी। इसके मुकाबले में पॉवर कंपनी का खर्च 23 हजार 82 करोड़ होगा। ऐसे में पॉवर कंपनी को 1570 करोड़ का फायदा होगा। लेकिन 2023-24 में पॉवर कंपनी को अनुमान से 6130 करोड़ रुपए कम पड़े। ऐसे में इस अंतर की राशि में 1570 करोड़ को घटाने के बाद 4560 करोड़ रुपए का अंतर आ रहा है। इस अंतर की राशि के लिए ही टैरिफ बढ़ाने की मांग है। लेकिन आयोग तय करेगा कि वास्तव में पॉवर कंपनी को कितने पैसों की जरूरत होगी। उसके हिसाब से टैरिफ तय होगा।



### आयोग में दो पद खाली

इस समय बिजली नियामक आयोग में अध्यक्ष के साथ रहने वाले दो सदस्यों पद खाली हैं। बिना कोरम के किसी भी तरह की सुनवाई नहीं हो सकती। एक सदस्य का कार्यकाल सितंबर 2023 में पूरा हो गया था। एक और सदस्य का कार्यकाल बीते साल जुलाई में पूरा हुआ है। अब तक दोनों पदों पर नई नियुक्ति नहीं हो सकी है। नई नियुक्ति के बाद ही टैरिफ पर जनसुनवाई और नए टैरिफ का फैसला हो पाएगा। प्रदेश के बिजली नियामक आयोग में अध्यक्ष हेमंत वर्मा के साथ पहले लीगल सदस्य के रूप में विनोद देशमुख और तकनीकी सदस्य के रूप में सीके गुप्ता काम कर रहे थे। इनका कार्यकाल अब समाप्त हो गया है। नए सदस्यों की नियुक्ति के लिए कमेटी तो बन चुकी है, लेकिन सदस्यों की नियुक्ति कब तक होगी इसका फैसला नहीं हो सका है।

## जनता की समस्या, शिकायत का पंजीयन होगा, प्रतिदिन होगी समीक्षा

# पेयजल समस्या के लिए दस जोन में हेल्प डेस्क, जलसंकट गहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में गहराते पेयजल संकट पर निगम ने अब संज्ञान लिया है। महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर नगर निगम के 10 जोन में पेयजल समस्या और शिकायत निवारण के लिए हेल्प डेस्क खोले जाएंगे। वहां प्रतिदिन लोगों की जलसंकट संबंधी समस्या दर्ज कर उसकी समीक्षा करते हुए संबंधित जोन के जोन कमिश्नर निराकरण करेंगे। निगम आयुक्त विश्वदीप ने सभी जोन कमिश्नरों को इस आशय के निर्देश दिए हैं।

- महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर सभी जोन में खोले जा रहे हेल्प डेस्क

दरअसल, गर्मी के सीजन में बोरवेल का स्तर गहराने और नलों से पानी का प्रेशर कम आने की शिकायत को लेकर महापौर मीनल चौबे ने नगर निगम के 70 वार्डों में जलसंकट की समस्या को प्रमुखता से लेने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इसके लिए जोनवार हेल्प डेस्क खोले जाएंगे। निगम आयुक्त विश्वदीप ने सभी जोन कमिश्नरों को आदेश दिया है पेयजल संबंधी शिकायत की अनदेखी ना करें। इस कार्य में कोई भी लापरवाही बरतने पर एकपक्षीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

### पंजीयन रजिस्टर बनेगा, रोज दर्ज होगी जल संकट की शिकायत




जलसंकट प्रभावित लोगों की शिकायत दर्ज करने अब पंजीयन रजिस्टर अलग से बनेगा। यह रजिस्टर जोनवार होगा। इसमें प्रतिदिन प्राथमिकता के आधार इसका निराकरण विभाग के अधिकारी को करना होगा। इसकी मानिटरिंग निगम मुख्यालय से होगी। जोन में खुलने वाले हेल्प डेस्क में शहर का कोई भी नागरिक अपने संबंधित जोन में बिना हिचक पेयजल समस्या की शिकायत कर सकेगा।

### पंडरी इलाके में सूख रहे बोर, नलों में पानी का प्रेशर कम, टैंकर भरोसे इलाका

नगर निगम जोन 3 स्थित गुरूगोविंद सिंह वार्ड में बोरवेल सूखने और अंतिम छोर तक पानी का प्रेशर नहीं पहुंचने पानी की किल्लत बनी हुई है। मयूर क्लब से सोनिया चौक, पंडरी इलाके के बेहरा कालोनी, शीतला कालोनी, सतनामी पारा चपरासी गली, सरस्वती नगर, राजाबाड़ा इलाके पानी की समस्या से लोग त्रस्त हैं। वार्ड पार्षद कैलाश बेहरा ने बताया कि पुराने पाइप लाइन से जल आपूर्ति हो रही है पर अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंच रहा है। प्रभावित इलाके में जोन से पानी टैंकर मंगाकर लोगों की प्यास बुझाई जा रही है। मार्च से यह स्थिति बनी हुई है। पंप भी सूख गए हैं, हमने नगर निगम से तरुण नगर के पास नई पानी टंकी की मांग की है।

**टैंकर भेज रहे**

जलसंकट प्रभावित इलाकों में पेयजल आपूर्ति करने 35 किराये के टैंकर चलाने टेंडर हुआ है। डिमांड के अनुरूप पानी टैंकर प्रभावित इलाके में भेजे जा रहे हैं। महापौर के सुझाव पर सभी जोन में हेल्प डेस्क खोला जा रहा है। पेयजल समस्या दूर करने जल्द टोल फ्री नंबर जारी करेंगे। - *विश्वदीप, आयुक्त, नगर निगम, रायपुर*

### खम्हारडीह इलाके में पानी के लिए तरसे लोग, रोज खप रहा 15 ट्रिप पानी

नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड के खम्हारडीह इलाके में पानी के लिए हाहाकार मचा है। पावर्ती नगर, तुलसी नगर, वृंदावन कालोनी,नीलांचल विहार,भावना नगर, श्रीरामनगर फेज 2 ऐसे इलाके हैं जहां एक दिन में पानी टैंकर से 15 ट्रिप पानी खप रहा है। नगर निगम द्वारा बिछाये गये पुराने पाइप लाइन से पानी का प्रेशर बहुत कम है। पानी टैंकर आते ही लोग बाल्टी, गुंडी लेकर पानी भरने उमड़ पड़ते हैं। पानी की समस्या दूर करने वार्ड पार्षद ने 4 स्थानों पर बोरवेल खनन का प्रस्ताव दिया है। इनमें वृंदावन कालोनी खम्हारडीह, पार्वती नगर, सतनाम चौक एरिया शामिल है।



### ब्राम्हणपारा वार्ड में पेयजल संकट

पंचपथपारा, सोहागा मंदिर के पीछे का क्षेत्र, धोबीपारा सामुदायिक भवन के पास का इलाका पेयजल संकट से प्रभावित है। इस इलाके में अमृत मिशन के तहत नई पाइप लाइन बिछाई गयी है। पर नलों में प्रेशर के साथ पानी आपूर्ति नहीं हो रही है। रहवासी बोरवेल भरोसे काम चला रहे हैं। वार्ड पार्षद अजय साहू ने 4 जगहों पर बोरवेल खनन कराने प्रस्ताव जोन के मायध्म से भिजवाया है।

# बीड़ी से सुलगा घर, आग में झुलसकर बुजुर्ग की मौत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बीड़ी पीने की आदत ने एक बुजुर्ग की जान ले ली। सोमवार को दोंदेखुर्द में रहने वाला 70 वर्षीय बुजुर्ग अपने घर में बीड़ी पीते सोया हुआ था। इस दौरान नींद आने पर बुजुर्ग ने सोते हुए बीड़ी को अपनी खाट के नीचे फेंक दिया। खाट के पास कपड़ा होने की वजह से आग धीरे-धीरे पूरे घर में फैल गई और देखते ही देखते घर आग की लपटों में घिर गया। आग में 80 प्रतिशत से ज्यादा झुलसे बुजुर्ग को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना विधानसभा थाना क्षेत्र की है।

- घटना सोमवार सुबह 10 बजे विधानसभा थाना क्षेत्र की
- आग की लपटें उठने पर बेटे को मिली जानकारी

आग की चपेट में आने से धनराज साहू की मौत हुई है। घर में आग लगने पर फायर ब्रिगेड की टीम को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। घटना सुबह 10 बजे की बताई जा रही है। घटना के समय घर में धनराज का बेटा घर पर था। घर में आग लगने पर किसी तरह धनराज का बेटा घर से बाहर निकल पाया। आग में घिरे होने की वजह से धनराज नहीं निकल पाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह धनराज को रेस्क्यू कर घर से बाहर निकाला। बीड़ी की वजह से घर में आग लगी थी या कोई अन्य कारण, पुलिस मामले की जांच करने के बाद कुछ बता पाने की बात कह रही है।

### नान के नए अध्यक्ष श्रीवास्तव का पदभार ग्रहण समारोह कल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव 16 अप्रैल बुधवार को बीटीआई ग्राउंड शंकर नगर में पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जिसके मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे, अध्यक्षता विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरूण साव एवं विजय शर्मा भी उपस्थित रहेंगे। वहीं खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल सहित विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम होगा।

# तीन साल की मासूम के साथ पड़ोसी नाबालिग ने की दरिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंडरी थाना क्षेत्र में तीन साल की बच्ची के साथ पड़ोस में रहने वाले एक लड़के ने हैवानियत की सारी हदें पार करते हुए उसके साथ रेप किया। घटना सोमवार दोपहर डेढ़ बजे की है। बच्ची के साथ रेप करने वाले लड़के की उम्र 15 साल है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस लड़के को कस्टडी में लेकर पूछताछ कर रही है। मंडी गेट स्थित चंद्रशेखर नगर में बच्ची के माता-पिता रहते हैं। बच्ची दोपहर डेढ़ बजे करीब अपने घर पर खेल रही थी। इसी दौरान 15 वर्षीय किशोर बच्ची को चाकलेट खिलाने के बहाने अपने साथ ले गया और उसके साथ गलत हरकत की। दर्द से तड़प रही रोते हुई बच्ची को देख लड़का बुरी तरह से घबरा गया और उसने उसे शांत कराने चाकलेट दिया फिर उसे उसके घर के बाहर छोड़कर चला गया।

### किशोर का ट्रैक रिकार्ड खराब

तीन साल की बच्ची के साथ रेप करने के आरोप में पुलिस ने जिस 15 साल के लड़के को पकड़ा है, वह अपराधिक प्रवृत्ति का है। हरिभूमि को सूत्रों से जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक रेप के आरोप में पकड़ा गया लड़का पूर्व में भी मोहल्ले के छोटे-छोटे बच्चों के साथ घिनौनी हरकत कर चुका है, लोगों ने बदनामी के डर से घटना की शिकायत थाने में नहीं की। इस वजह से लड़के का हौसला बढ़ता गया और उसने अपने पड़ोस में रहने वाली बच्ची के साथ रेप किया। घटना के बाद क्षेत्र के लोग आक्रोषित हैं। अस्पताल में भर्ती बच्ची की हालत गंभीर बताई जा रही है।



### रोते हुए मां को दी जानकारी

घर पहुंचने के बाद बच्ची दर्द से तड़पते हुए रो रही थी। बच्ची से उसकी मां ने रोने का कारण पूछा, तो उसने अपनी मां को इशारों से घटना की जानकारी दी और उसके साथ गलत काम करने वाले के बारे में बताया। इसके बाद परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस बच्ची को इलाज कराने जिला अस्पताल लेकर पहुंची। घटना के बाद बच्ची बुरी तरह से डरी हुई है। बच्ची की मां लोगों के घरों में झाड़ू पोंछा करने का काम करती है और पिता रिक्शा चलाने का काम करता है।

### मानवाधिकार उल्लंघन ...

लेकिन दुर्ग और बिलासपुर भी पीछे नहीं है। वहीं मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी) जिले में सबसे कम मामले सामने आए हैं।

### सबसे अधिक मामले...

राजधानी रायपुर में सबसे अधिक 584 प्रकरण एक साल में आए। इनमें से 316 का निराकरण हुआ। 268 प्रकरण अभी लंबित हैं। इसके बाद दुर्ग का नंबर है जहां कुल प्रकरण 252, निराकृत 137, और लंबित मामले 115 हैं। बिलासपुर जिले में कुल प्रकरण 178, इनमें से 81 का निराकरण हुआ है और 97 मामले लंबित हैं। खास बात ये है कि राज्य के 33 जिलों में कोई ऐसा जिला नहीं है जहां मानवाधिकार उल्लंघन की शिकायतें नहीं हैं। लेकिन मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर एक ऐसा जिला है जहां सबसे कम 11 प्रकरण हैं इनमें से 3 का निराकरण हो गया है और 8 प्रकरण लंबित हैं।

### दो बच्चा खराब होने...

का अंतिम संस्कार करने ले जा पाए। मृतक की मां अपने बेटे को कलेजे से लगाकर बुरी तरह रो रही थी। इस गमगीन माहौल को देख आसपास की महिलाओं की आंखें नम हो गईं। दीपक का एक बेटा के साथ बेटी है।

### गड्ढे में मासूम की...

ढकने के निर्देश दिए। नगर निगम जोन 7 क्षेत्र रामनगर इलाके में गुलमोहर पार्क पीएमवाय आवासीय कालोनी में सेप्टिक टैंक को ओवर फ्लो होने से रोकने नगर निगम द्वारा सोकपिट के लिए महीनों पहले गड्ढा खोदा गया। रविवार शाम उस गड्ढे में 7 साल के बच्चे दिव्यांश की मौत हो गई। इस मौत से गुस्साये लोगों ने धरना प्रदर्शन कर चक्का जाम किया। प्रदर्शनकारियों ने जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई की मांग करते हुए नारेबाजी भी की। वहीं 7 दिन के भीतर समस्याओं को सुलझाने के आश्वासन के बाद धरना प्रदर्शन खत्म किया। साय सरकार के निर्देश पर मृत बच्चे के परिजनों को मौके पर मौजूद तहसीलदार ने 4 लाख रुपये की

## पेज 11 के शेष ...

सहायता दी। **आयुक्त ने घटना को बताया दुर्भाग्यपूर्ण, शोकॉज नोटिस जारी** : निगम आयुक्त विश्वदीप ने इस मामले में संबंधित सहायक अभियंता योगेश यदु, उप अभियंता अंकिता अग्रवाल और ठेकेदार मधुसूदन अग्रवाल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आयुक्त ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि घटना में जो भी अधिकारी दोषी होंगे, उन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। **गुलमोहर पार्क के पास पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने नागरिकों के साथ किया प्रदर्शन** : पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने नागरिकों के साथ सोमवार को रामनगर के गुलमोहर पार्क क्षेत्र स्थित घटना स्थल पर प्रदर्शन किया। निगम प्रशासन और जिला प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उन्होंने मृतक के परिवार को 20 लाख रुपये बतौर मुआवजा और उपचार करा रहे बच्चे के परिवार को 10 लाख रुपये का मुआवजा देने की मांग की। मासूम बालक की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु को नगर निगम प्रशासन की लापरवाही बताते हुए विकास उपाध्याय ने कहा कि यह घटना न केवल प्रशासनिक उदासीनता का परिचायक है, बल्कि जन सुरक्षा के प्रति शासन की संवेदनहीनता को उजागर करता है। रायपुर पश्चिम के पूर्व विधायक ने कहा, नगर निगम के अधिकारियों की लापरवाही से शहर के एक बच्चे की जान चली गई। वहीं 2 बच्चों का इलाज जारी है। इस मामले में सरकारी लीपापोती करने का आरोप उन्होंने लगाया है। धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों के साथ पूर्व एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, पूर्व जोन अध्यक्ष मनीराम साहू, डॉ. भागवत साहू, देवकुमार साहू, संतोष साहू, नारद साहू, अपराजित तिवारी, जोगेंद्र साहू, अजीत दीप, सूरज साहू सहित अन्य नागरिक उपस्थित रहे।। **24 घंटे के अंदर सेप्टिक टैंक, संपवेल के मेनहोल ढकने निर्देश** : महापौर मीनल चौबे ने गुलमोहर पार्क के पास पीएमवाय आवासीय परिसर कालोनी में सेप्टिक टैंक के लिए खोदे गए सोक पिट वाले गढ्ढे में गिरने से मासूम बच्चे की मौत के मामले में नगर निगम के सभी जोन कमिश्नरों को 24 घंटे के भीतर सभी बीएसयूपी और पीएमवाय कालोनियों के सेप्टिक टैंक, संपवेल के मेनहोल को ढकने के निर्देश दिए हैं, ताकि भविष्य में इस तरह की अप्रिय घटना न हो।

**निगम ने छत्तीसगढ़ नगर में गड्ढे को पाटा, ठेकेदार को शोकॉज नोटिस** : शनिवार को पेयजल कार्य के लिए खोदे गए गड्ढे में बच्चे के गिरने और बाइक सवार द्वारा उसे बाहर सुरक्षित रूप से निकालने की घटना के बाद निगम आयुक्त ने जोन 6 कमिश्नर, कार्यपालन अभियंता, प्रभारी सहायक अभियंता, उप अभियंता, जलकार्य ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी कर 24 घंटे में इसका जवाब मांगा है। घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए गड्ढे को पाटकर सुरक्षा लगाने निर्देश दिए। इसके परिपालन में निगम टीम ने गड्ढे को पाट दिया है।

### धरने पर बैठे शिक्षक...

मांग कर रहे हैं। इसी दौरान तूता धरना स्थल पर रात्रि विश्राम के दौरान बर्खास्त बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षिका प्रिया मंडावी को एक विषैले बिच्छू ने डंक मार दिया। **जल्द निर्णय की मांग** : एम्बुलेंस नहीं आने पर साथी उसे बाइक से अस्पताल ले गए। शिक्षिका को आंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। शिक्षिका की हालत अब स्थित है। प्रदर्शनरत शिक्षकों ने कहा, तूता धरना स्थल विषैले जीव-जंतुओं से भरा हुआ है। इससे पूर्व भी धरना स्थल एवं विश्राम भवन में सांप, बिच्छू जैसे जीवों की उपस्थिति देखी जा चुकी है, जिससे लगातार जान का खतरा बना हुआ है। हम सभी अत्यंत भय एवं पीड़ा के वातावरण में रहकर अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं। हम शासन-प्रशासन से आग्रह करते हैं कि हमारी सुरक्षा, सम्मान एवं समायोजन की मांग को शीघ्र स्वीकार कर उचित निर्णय लें।

**आम सूचना**

वाके मौजा- मोहदी प.ह.न. 16, रा.नि.म. रायपुर-20 सिलयारी कुरूद, तहसील धरसीवा व जिला- रायपुर (छ.ग.)में स्थित भूमि खसरा नं. 289 रकबा 0.9370 हेक्टेयर भूमि के संबंध में।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेतागण 1.पुरन पिता स्व. थनवार, 2.धनेश्वरी पिता स्व. थनवार, 3.ना.बा. धैर्य कुमार पिता स्व. मिथलेश, 4.ना.बा. मानसी पिता स्व. मिथलेश 3 व 4 का वली मॉ अनुसुईया, 5. अनुसुईया पति स्व. मिथलेश सभी पता ग्राम गोढ़ी, रायपुर (छ.ग.) के आधिपत्य व स्वामित्व की भूमि वाके मौजा- मोहदी प.ह.न. 16,रा.नि.म. रायपुर-20 सिलयारी कुरूद, तहसील-धरसीवा जिला- रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 289 रकबा 0.9370 हेक्टेयर भूमि को क्रय करने का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दिया है एवं शेष राशि का भुगतान बैनामें के निष्पादन के समय किये जाने की बात हुई है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय बैंक, बीमा, वित्तीय संस्था, निगम, निकाय, बोर्ड, प्राधिकरण निजी संस्था आदि को किसी भी प्रकार की उजर आपत्ती है। तो यह इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिन के भीतर अपनी, उजर, आपत्ती का दावा मेरे कार्यालय में सुसंगतमय दस्तावेज के साथ प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद म्याद की गई किसी भी प्रकार की उजर आपत्ती या दावा के लिये मेरे पक्षकार पर कोई बंधनकारी नही होगा और यह अपने पक्ष में रजिस्ट्री बैनामा करवा लेगा। सो सूचना जानें।

रायपुर छ.ग. दिनांक 14/04/2025

**सुरेश वंजारी (अधिवक्ता)**
**सिविल कोर्ट रायपुर छ.ग.**
**मो.नं. 99934-58224**

**सर्टीफिकेट गुमा**

बोर्ड ऑफ सेंकडरी एजुकेशन कटक, उड़ीसा का मैट्रीक पास का 1982 का सर्टीफिकेट जो कि सुनील कुमार जैन के नाम से है, वह राजेन्द्र नगर मेन रोड रायपुर में गुम गया है। जिस किसी भी सज्जन को मिले कृपया सूचित करें।

**सुनील कुमार जैन**
**पता-C-293, वल्लभ नगर**
**रायपुर- 492001 (छ.ग.)**
**मोबा. नं.- 9179222222**

**न्यायालय तहसीलदार अभनपुर**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

**संदर्भः**- जिला रायपुर तहसील-अभनपुर प.ह.न. -00013 सिवनी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202425441631500033

**// ईश्तहार //**

तहसील अभनपुर के प.ह.न. 00013 के अंतर्गत ग्राम सिवनी के वर्तमान भूमिस्वामी अरुणकुमार पिता/पति- भारतदास पता- सा.सेजबहार के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 225/2(0.1900) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता अरूण कुमार पिता/पति- नारद राम पता- ग्राम सेजबहार तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28/04/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार अभनपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/04/2025 को जारी किया गया है।

मुहर

**तहसीलदारः**
**RAMPRASAD BAGHEL**
**तहसील अभनपुर**

**// शपथ पत्र //**

मैं पुरूषोत्तम पिता श्री घनाराम जाति तेली निवासी ग्राम पोड़, तहसील छुरा, जिला गरियाबंद छ.ग. का हूं जो निम्नलिखित शपथ पूर्वक कथन करता हूं :-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरे नाम से आधार कार्ड क्रमांक 3505 7978 6621 तथा मेरा पैन कार्ड क्रमांक DOXPP3936L बना है तथा मेरे नाम से द.ग. राज्य ग्रामीण बैंक शाखा पाण्डुका में बैंक खाता खुला है जिसका क्रमांक 77050023573 है जिसमें मेरा नाम पुरूषोत्तम पिता घनाराम दर्ज है।
3. यह कि मेरे नाम से HDFC LIFE INSURANCE कंपनी में जीवन बीमा पॉलिसी है, जिसका पॉलिसी क्रं. 14993056 है जिसमें मेरा नाम पुरूषोत्तम कुमार साहू पिता घनाराम साहू दर्ज है।
4. यह कि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं बैंक खाता में दर्ज नाम पुरूषोत्तम पिता घनाराम तथा मेरे जीवन बीमा पॉलिसी में दर्ज नाम पुरुषोत्तम कुमार साहू पिता घनाराम साहू उक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे स्वयं का ही नाम है।
5. यह कि शपथ पत्र उक्त दोनों नाम पुरूषोत्तम पिता घनाराम एवं पुरूषोत्तम कुमार साहू पिता घनाराम साहू एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे स्वयं का ही नाम होने के समर्थन में प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**

**-:सत्यापन:-**

मैं पुरूषोत्तम पिता श्री घनाराम जाति तेली निवासी ग्राम पोड़, तहसील छुरा, जिला गरियाबंद छ.ग. का जो कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 05 तक लिखी सभी जानकारी सत्य व सही है इसलिए आज दिनांक 14.04.2025 को गरियाबंद में हस्ताक्षर किया।

**पुरूषोत्तम**
**सत्यापनकर्ता**

**आम सूचना**

(वाके मौजा डूडा प.ह.नं. 118/51 रा.नि.मं. रायपुर 14 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. रायपुर विकास प्राधिकरण कि नगर विकास योजना क्रं 04 कौशिल्या माता विहार (कमल विहार) में स्थिति आवंटित पुनर्गीर्टित विकसित भूखण्ड 06 भूखण्ड क्र.ए-75 में जिसका खसरा नंबर 48, 54 एवं 66 कसा भाग रकबा 5810 वर्गफुट भूमि है, के संबंध में )

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी 01 श्री ललित नवलखा 02 श्री अनिल नवलखा दोनो पिता स्व. श्री आर सी जैन रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य कि भूमि वाके मौजा डूंडा प.ह.नं. 118/51 रा.नि.मं. रायपुर 14 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. रायपुर विकास प्राधिकरण कि नगर विकास योजना क्र. 04 कौशिल्या माता विहार (कमल विहार) में स्थिति आवंटित पुनर्गठित विकसित भूखण्ड 06 भूखण्ड क्रं ए-75 में जिसका खसरा नंबर 48, 54 एवं 66 कसा भाग रकबा 5810 वर्गफुट भूमि है जिससे क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम बयाना राशि देकर इकरानामा निष्पादित कर चुका है केवल बैनामा निष्पादन एवं पंजीयन कि कार्यवाही शेष है ।

अतः उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, वित्तीय, निकाय, अर्द्धशासकीय शासकीय को उपरोक्त भूमि / संपत्ति के स्वत्व एवं आधिपत्य के संबंध में कोई भी उजर दावा या आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित आपत्ति 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत करें। बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा एवं अवैध व शुन्य माना जावेगा। तथा मेरे पक्षकार उक्त भूमि का विक्रय प्रतिफल की संपूर्ण राशि भूमि स्वामीगणो को अदा कर अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन की कार्यवाही कराने के लिए स्वतंत्र रहेगा।

सो सूचना जाने ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 14/04/2025

**एन. के. पटेल, हरिश साहू, आशीष तिवारी, कुंदन पटेल (अधिवक्तागण )**
**हरिभूमि प्रेस के पीछे छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर छ.ग. मो. 094255-10595 8319942960**

**न्यायालय तहसीलदार गोबरा नवापारा**
**जिला रायपुर (छ.ग.)**
**// आम सूचना //**

रा.प्र.क्र. 202411114700031
अ/6 (अ) वर्ष 2024-25
ग्राम कठिया प.ह.न. 03 रा.नि.म. तोरला
तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग.
क्रमांक / Q/ तह./वा.-1/2025
नवापारा, दिनांक 08/04/2025

प्रति,
शिवकौशल पिता परगनिया कौशल निवासी श्री नगर, खमतराई रायपुर जिला रायपुर छ.ग.

आपको इस आम सूचना नोटिस के जरिए सूचित किया जाता है कि, आवेदक दिलशाद अली पिता सैय्यद अली निवासी रायपुर के द्वारा आवेदन पेश किया है कि, ग्राम कठिया प.ह.नं. 03 रा.नि.मं. तोरला तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. स्थित परिवर्तित भूमि ख.नं. 1853/2, 1855/2, 1857, 1858/2, 1859, 1860 का भाग रकबा 2000 वर्गफुट भूमि जो मेनूअल हल्का पटवारी के बी-1 पांचसाला खसरा में आवेदक दिलशाद अली पिता सैय्यद अली वर्ष 2011-12 में बी-1 में खरीद हक से नाम दर्ज किया गया है। परंतु उक्त भूमि ऑनलाईन अभिलेख में दर्शित नहीं होने से वर्तमान ऑनलाईन अभिलेख में दुरूस्त किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है।

उक्त प्रकरण में आप को राजस्व नोटिस के माध्यम से उपस्थित होने हेतु नियमानुसार सूचित किया गया था परन्तु आप उपस्थित नहीं हुए। उक्त प्रकरण में अगामी सुनवाई दिनांक 15/04/25 को नियत किया गया है। उक्त तिथि में आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अन्यथा छ.ग.भू-राजस्व संहिता की धारा 35(2) के तहत आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

नोट :- यदि किसी कारणवश आगामी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थिगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

आज दिनांक 08/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर

**तहसीलदार**
**गोबरा नवापारा**

**HEALTH TOWN**

K'sagar's श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति इत्यादि।

**अहलूवालिया हॉस्पिटल**
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### यादव ठेठवार समाज रायपुर राज का वार्षिक अधिवेशन, सम्मान भी

**रायपुर।** यादव ठेठवार समाज रायपुर राज का वार्षिक अधिवेशन राज मुख्यालय महादेवघाट रायपुरा में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ आराध्य देव भगवान कृष्ण की आरती, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। रायपुर राज के अध्यक्ष संतोष यदु ने स्वागत उद्बोधन में 17 राज पार से आए पदाधिकारियों एवं कुटुंबजनों का अभिनंदन किया। वार्षिक प्रतिवेदन रायपुर राज के महासचिव मनीराम यदु ने प्रस्तुत किया, जिसमें समाज द्वारा वर्षभर की गई गतिविधियों और महत्वपूर्ण उपलब्धियों का विस्तृत विवरण दिया गया। आयोजन में यादव ठेठवार समाज के नवनिर्वाचित 103 जनप्रतिनिधियों को उनकी निष्ठापूर्ण सेवा और समाज के विकास में सक्रिय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। वहीं रायपुर राज के अंतर्गत आने वाले सभी 17 राज पार के प्रतिनिधियों का भी सम्मान किया गया, जो समाज की एकता, अखंडता और प्रगति के आधार स्तंभ हैं। कार्यक्रम का संचालन गजानंद यादव गुरुजी एवं शशिकांत यदु ने किया। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष गुलेंद्र यादव, प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ ललिता यदु, प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष परमानंद यादव आदि ने अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत रायपुर के उपाध्यक्ष संदीप यदु रहे। उन्होंने समाज के भवन निर्माण के लिए 5 लाख की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की।

### मुरली शर्मा संभालेंगे जोन अध्यक्ष का पदभार

**रायपुर।** नगर निगम जोन 4 के निर्वाचित जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा 15 अप्रैल को दोपहर 1 बजे से मोतीबाग स्थित जोन कार्यालय में जोन अध्यक्ष का पदभार संभालेंगे। इस मौके पर महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर, रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, दक्षिण विधायक सुनील सोनी, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

# तकनीकी विवि की तकनीकी त्रुटि...अपलोड कर दिए गलत रिजल्ट, दोबारा जारी हुए परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि खुद ही तकनीकी त्रुटि का शिकार हो गया है। सीएसवीटीयू द्वारा 5 अप्रैल को डिप्लोमा इंजीनियरिंग के पांचवें सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम जारी किए गए थे। विवि द्वारा अब इसे रद्द कर दिया गया है।

विवि ने इसका कारण बताते हुए अधिसूचना में कहा है कि तकनीकी त्रुटि के कारण जारी किए गए परिणामों में विरोधाभास की स्थिति निर्मित हो गई थी। इसे देखते हुए 5 अप्रैल को जारी किए गए परीक्षा परिणाम को रद्द कर दिया गया है। इसके स्थान पर संशोधित परीक्षा परिणाम भी जारी कर दिया गया है। विवि ने स्वयं से संबद्ध सभी पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों के प्राचार्यों को खत लिखते हुए इसकी सूचना दी है। उन्हें छात्रों को नवीन परीक्षा परिणामों की जानकारी देने कहा गया है। साथ ही विवि ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर भी अधिसूचना प्रसारित करते हुए संशोधित परीक्षा परिणाम अपलोड कर दिए हैं। विवि ने छात्रों से कहा है कि वे विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर दोबारा विजिट कर नवीन परिणाम प्राप्त कर लें।

- प्रदेशभर के पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों को भेजा गया खत
- डिप्लोमा इंजीनियरिंग के पांचवें सेमेस्टर का मामला, 5 अप्रैल को जारी हुए थे परिणाम



### लौटाई जाएगी राशि

पूर्व में जारी त्रुटिपूर्ण परीक्षा परिणाम के आधार पर कई छात्रों ने पुनर्मूल्यांकन के लिए फॉर्म भर दिया था। अब ऐसे मामले थोक में सामने आए हैं, जिसमें छात्र पूर्व में जारी नतीजों के अनुसार फेल थे, लेकिन नवीन नतीजों के अनुसार उत्तीर्ण हैं। इनमें से कई विद्यार्थी पुनर्मूल्यांकन के आवेदन भर चुके थे। उनके द्वारा फीस भी भर दी गई थी। अब विवि ने स्पष्ट किया है कि ऐसे छात्रों की राशि लौटाई जाएगी। इसके स्थान पर अब पुनः नए सिरे से पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिया गया है। छात्र 19 अप्रैल तक पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकेंगे।

### महाविद्यालय भी हैरान

पूर्व में जारी किए गए परीक्षा परिणामों को देखकर छात्रों के साथ-साथ महाविद्यालय भी हैरान रह गए थे। त्रुटि सामने आने के बाद परिणाम घोषित होन के चार दिनों बाद विवि ने परीक्षा परिणाम वापस लिए हैं। मौजूदा सत्र में यह पहला मामला है जब विश्वविद्यालय को तकनीकी त्रुटि के कारण अपने ही नतीजे रद्द करने पड़े।

# पुराने पैटर्न पर परिणाम बेहतर, बीसीए अंतिम में 68 प्रतिशत उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा सोमवार को बीसीए अंतिम वर्ष के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए। इस परीक्षा में 68.41 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति केवल प्रथम वर्ष में ही लागू की गई है, ऐसे में तृतीय वर्ष की परीक्षा पुराने पैटर्न पर ली गई।



- रविवि ने जारी किए परीक्षा परिणाम, 573 छात्र हुए थे परीक्षा में शामिल

इस परीक्षा में 573 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 392 ने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, जबकि 145 छात्रों को पूरक श्रेणी में रखा गया है। केवल 33 छात्र ही अनुत्तीर्ण हुए हैं। इस तरह परिणाम 68.41 प्रतिशत रहे। गौरतलब है कि रविवि द्वारा बीते दिनों बीए और बीएससी प्रथम सेमेस्टर के परिणाम जारी किए गए थे। दोनों ही कक्षाओं में उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत क्रमशः 34% और 36% रहा था। बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के नतीजे भी विशेष उल्लेखनीय नहीं रहे। इसकी परीक्षा भी नए पैटर्न पर हुई थी। परिणाम रविवि ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं।

### दूसरे वर्ष में भी लागू

राष्ट्रीय शिक्षा नीति शैक्षणिक सत्र 2025-26 से द्वितीय वर्ष में भी लागू कर दी जाएगी। सिलेबस निर्माण सहित अन्य प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी हैं। महाविद्यालयों को भी सूचित किया जा चुका है। नए सत्र से प्रथम वर्ष के साथ-साथ द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी भी सेमेस्टर पद्धति से पर्चे हल करेंगे। गौरतलब है कि प्रथम सेमेस्टर में उत्तीर्ण नहीं हो सके विद्यार्थियों को द्वितीय सेमेस्टर में प्रवेश दिया गया है। छात्र यदि द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाओं में भी उत्तीर्ण नहीं हो पाते हैं तो भी उन्हें तृतीय सेमेस्टर में दाखिले दिए जाएंगे। हालांकि दूसरे वर्ष में छात्रों को अपने एटीकेटी के सभी विषयों को क्लियर करना होगा।

## राजधानी में बढ़ते प्रदूषण पर सिर्फ चिंतन

# प्रदूषित हवा को साफ करने 4 जगह स्मॉग टॉवर लगाने सर्वे, प्रोजेक्ट की फाइल बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर की आबोहवा को शुद्ध करने के लिए केन्द्रीय पॉल्यूशन बोर्ड से तीन साल पहले दिशा-निर्देश मिला। इसके बाद से ही जिला प्रशासन पहले फेज में काम करने के लिए 15वें वित्त आयोग की राशि से 4.50 करोड़ रुपए की मंजूरी देने के बाद सुध नहीं ले रहा है। सभी जिम्मेदार बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर सिर्फ चिंतन कर रहे हैं। बेफिक्री का आलम यह कि 6 साल में काम शुरू करना तो दूर, अभी तक जमीन तय नहीं कर पाए हैं।

हरिभूमि सरोकार

राजधानी के आसपास औद्योगिक संस्थानों का जाल बिछा है। सड़क पर तेजी से बढ़ते वाहनों का दबाव और इससे निकलने वाले धुएं से शहर की आबोहवा दूषित हो रही है। स्मार्ट सिटी में दिल्ली जैसे हालात न बनें और समय रहते रोकथाम की जा सके, इस लिहाज से 6 साल पहले की गई प्लानिंग अभी फाइलों में ही बंद है। सूत्रों ने बताया कि 2019-20 में केन्द्रीय पॉल्यूशन बोर्ड ने रायपुर में 4 बड़े स्मॉग टावर लगाने के लिए दिशा निर्देश दिया था। पहले फेज में काम शुरू करने के लिए जिम्मेदारों ने 2020 में सर्वे तो किया, लेकिन हॉट स्पाट पर जमीन नहीं मिलने से प्रोजेक्ट की फाइल को ही बंद करते हुए दिल्ली में प्रोजेक्ट फेल होने का दावा किया।

## बेफिक्री के कारण 6 साल से ऐसा हाल

### तब इन क्षेत्रों में मिला ज्यादा प्रदूषण

आईआईटी ने रिपोर्ट में उन दिनों शहर के रायपुरा, कुम्हारी, भनपुरी व जोरा इलाके में स्मॉग टावर लगाने पर जोर दिया था। इसके साथ ही 14 चौक-चौराहों की हवा को शुद्ध करने के लिए छोटी मशीनें भी दूसरे फेज में लगाने से राहत की जानकारी दी थी। इसके लिए कम जगह मिलने पर भी मशीनों को स्थापित करके हवा को शुद्ध किया जा सकता था, इसलिए पहले फेज में 4 बड़े स्मॉग टावर को ही अलग-अलग स्थानों पर लगाने की सहमति बनी। इस प्रोजेक्ट को शुरू करने के लिए अभी तक जमीन तय नहीं है। इसे निगम और जिला प्रशासन को तय करना था।



फाइल फोटो

### अभी जमीन का सर्वे नहीं हुआ

स्मॉग टावर लगाने का प्रोजेक्ट काफी पुराना है। इसे लगाने के लिए अभी जमीन का सर्वे नहीं हुआ है। टावर लगाने में किस तरह की दिक्कतें हैं, जानकारी लेने के बाद ही बता पाऊंगा।

**- राकेश राठौर,** अधीक्षण अभियंता योजना विभाग, नगर निगम, रायपुर

### बोर्ड के मार्गदर्शन में होना है काम

हॉट स्पाट की तकनीकी टीम द्वारा जांच करने का प्रावधान प्रोजेक्ट में किया गया। इसमें केन्द्रीय पॉल्यूशन बोर्ड के निर्देश के मुताबिक प्रदूषण बोर्ड के मार्ग दर्शन में प्लानिंग को पूरा करना है। सूत्रों ने बताया कि कोविड के बीच दो साल मामले में कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसके बाद प्रदूषण के ग्राफ को चेक करने के बाद हॉट स्पॉट तय करने का काम आईआईटी ने पूरा किया। इसमें हर मौसम में हॉट स्पॉट की स्थिति को जांचने के बाद शहर के अलग-अलग क्षेत्र की रिपोर्ट जिला प्रशासन और निगम को दी गई है। इसके बाद नए सिरे से जमीन का सर्वे ही नहीं हुआ।

### नए सिरे से ड्राइंग-डिजाइन भी नहीं

दिल्ली में लगे स्मॉग टावर के ड्राइंग-डिजाइन और संचालन से जुड़ी दिक्कतों को देखते हुए रायपुर में 4 बड़े स्मॉग टावर की ड्राइंग-डिजाइन में बदलाव का दावा किया गया। टावर की ऊंचाई 24 मीटर होने के साथ इसे 18 मीटर कंक्रीट करने का प्रावधान किया। टावर को 6 मीटर ऊंचे छत पर लगाने का पक्ष भी तकनीकी टीम ने रखा था। इसमें 40 पंखे होने से 25 क्यूबिक मीटर प्रति सेकंड हवा को साफ करके उसे वापस छोड़ना था। टावर की दो परतों में 5000 फिल्टर लगाने से करीब 4 एकड़ एरिया की हवा साफ करने का तर्क तकनीकी टीम ने दिया था।

# अनियमित कर्मचारियों ने 5 सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के शासकीय कार्यालयों में कार्यरत अनियमित कर्मचारियों ने अपनी 5 सूत्रीय मांग को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। नियमितीकरण, स्थायीकरण, न्यून मानदेय वाले कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन दिए जाने की मांग को लेकर कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया।

- नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर जुटे प्रदेशभर के अनियमित कर्मचारी
- नियमितीकरण, निकाले गए कर्मचारियों की बहाली की मांग

प्रदेश के 52 अनियमित संघों के अनियमित कर्मचारियों ने नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर एक दिवसीय प्रदर्शन किया। धरना स्थल से मुख्यमंत्री निवास घेराव के लिए अनियमित कर्मचारियों ने रैली निकाली, जिसे पुलिस प्रशासन ने रेलवे ब्रिज के पास बैरिकेड लगाकर रोक दिया। प्रदर्शन कर रहे अनियमित कर्मचारियों ने अंशकालीन कर्मचारियों को पूर्ण कालिक करने, आउट सोर्सिंग, ठेका, सेवा प्रदाता, समूह समिति के माध्यम से नियोजन सिस्टम बंद करने को लेकर नारेबाजी की। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल प्रसाद साहू ने कहा है, यदि सरकार अनियमित कर्मचारियों की समस्या को शीघ्र हल करने की दिशा में पहल नहीं करती, तो जुलाई में अनिश्चित कालीन आंदोलन के लिए कर्मचारी बाध्य होंगे।

### क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की मरम्मत



**रायपुर।** नगरनिगम जोन की टीम ने सोमवार को बजरंग नगर में क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की मरम्मत कराई। शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड के बजरंग नगर क्षेत्र में पानी की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने की शिकायत मिली थी। महापौर मीनल चौबे, जल कार्य अध्यक्ष संतोष साहू के निर्देश पर जोन 7 की टीम ने स्थल पर पहुंचकर पेयजल आपूर्ति की पाइप लाइन सुधार कार्य किया।

### अग्र गौरव सम्मान आज

**रायपुर।** अग्रवाल सभा रायपुर और अ.भा.अग्रवाल सम्मलेन छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा राजधानी के समता कालोनी स्थित मैक कालेज आडिटोरियम में 15अप्रैल को अग्र-गौरव सम्मान का आयोजन किया जा रहा है। प्रात :11:30 बजे आयोजित सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय एवं जिला पंचायत में निर्वाचित समाज जनों का सम्मान किया जाएगा।

# भालू के साथ क्रूरता, वनमंत्री के निर्देश पर दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भालू के साथ क्रूरता और उसकी हत्या के वायरल वीडियो के मामले को वन मंत्री केदार कश्यप ने अक्षम्य अपराध मानते हुए प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्य प्राणी को कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मामले में वन विभाग ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

- तेलंगाना के अधिकारियों के सहयोग से पकड़े गए आरोपी

उल्लेखनीय है कि विभिन्न सामचार पत्रों के माध्यम से भालू के साथ हुए क्रूरता पूर्वक व्यवहार और उसकी हत्या मामले में प्रकाशित समाचार के आधार पर उच्च न्यायालय बिलासपुर के समक्ष पीआईएल फाइल किया गया है। इसके पश्चात मुख्य वन संरक्षक, जगदलपुर वृत्त ने वन मंत्री निर्देशानुसार प्रकरण की त्वरित जांच, जांच कमेटी द्वारा की गयी। वनमंत्री के निर्देश पर भालू को जख्मी करने वाले का पता बताने वाले को वन विभाग द्वारा दस हजार इनाम की घोषणा की गई थी।



### ऐसे पकड़े गए आरोपी

वन अपराध प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। प्राप्त सूचनाओं का संकलन कर विश्लेषण किया गया, इस आधार पर घटना किस्टाराम क्षेत्र का होना संभावित पाया गया। संभावित घटना स्थल ग्राम डब्बा मरका, क्षेत्र का नक्सल प्रभावित ग्राम ग्राम पुट्टपाड के आरोपी वंडो भीमा पिता पाण्डू, चंडो देवा पिता देवा चिन्हित किये गये। पुलिस एवं सुरक्षा बलों के सहयोग से जांच दल को ग्राम पुट्टपाड भेजा गया। आरोपी ग्राम में नहीं मिले। तब तेलंगाना के सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण पुलिस अधीक्षक, जिला भद्रकाली, तेलंगाना एवं डीएफओ, भद्राचलम वनमहल को आवश्यक सहयोग हेतु इसकी सूचना दी गयी। विभिन्न स्थानों पर तलाशी में आरोपियों को सोमवार को पकड़ा गया। प्रकरण अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

## बिजनेस साइट

### डैफोडिल्स स्कूल में ग्रैंड पैरेंट्स डे का भव्य आयोजन



**रायपुर।** डैफोडिल्स इंग्लिश स्कूल के प्रांगण में एक भावनात्मक और उल्लासपूर्ण माहौल में ग्रैंडपैरेंट्स डे का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय की प्राचार्या आशा विग के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्कूल के संचालक मिनहाज असद भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के दादा-दादी एवं नाना-नानी को आमंत्रित किया गया, जिनका पारंपरिक तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर सबसे वरिष्ठ ग्रैंडपेरेंट्स बीआर रात्रे (आयु 86 वर्ष) को मुख्य अतिथि के रूप में सम्मानित किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों ने स्वागत गीत, भाषण, काव्य पाठ और नृत्य की सुंदर प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। सुरभि अग्रवाल ने विचार भाषण, हर्षा पटेल ने वृद्धजनों के महत्व पर आधारित कविता और अंजिका मिश्रा ने काव्यात्मक विचार प्रस्तुति दी। छात्राओं के समूह नृत्य ने कार्यक्रम को एक संगीतमय समापन दिया।

### कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में वैश्विक दवा सुरक्षा पर कार्यशाला



**रायपुर।** कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में 'नियामक एजेंसियां और वैश्विक दवा सुरक्षा में उनकी भूमिकाः विकसित भारत 2047 के लिए विजन' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान वैश्विक फार्मास्युटिकल उत्पादों की सुरक्षा, गुणवत्ता और प्रभावकारिता सुनिश्चित करने में केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन, यूएस एफडीए, यूरोपीय मेडिसिन एजेंसी और विश्व स्वास्थ्य संगठन जैसी अंतर्राष्ट्रीय नियामक एजेंसियों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के प्रिंसिपल और प्रोफेसर रवींद्र कुमार पांडे के नेतृत्व में किया गया तथा समन्वयक की भूमिका गुंजन कल्याणी ने निभाई।

### सिसकोल ने 3000 युवाओं को दी नौकरी, इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत किया



**रायपुर।** स्टील सेक्टर में अपनी विरासत रखने वाले क्षेत्र में स्टील इंफ्रा सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड सिसकोल एक सशक्त परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में उभरा है। इसने छत्तीसगढ़ को आधुनिक रोजगार, कौशल विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर में नवाचार का एक उभरता हुआ केंद्र बनाया है। सोमवार को पत्रकार वार्ता में सिसकोल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक रवि उप्पल ने बताया कि कई बड़े प्रोजेक्ट करने की चुनौती रही। स्थानिय युवाओं के बीच तालमेल बनाकर काम किया। अभी तक 3 हजार से ज्यादा युवाओं को रोजगार देने के साथ ही बड़े प्रोजेक्ट के लिए तैयार किया है। 2027 तक इन स्कील्ड युवाओं के साथ हम एक हजार से ज्यादा नए युवाओं को रोजगार का अवसर देने की तैयारी में है। एक बड़ा प्रोजेक्ट शुरू किया जाएगा। अभी तक हवाई अड्डे,गगनचुंबी इमारतें,कॉमर्शियल निर्माण, डीएलएफ मॉल द्वारका, यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर जैसे कई प्रोजेक्ट को पूरा किया है।

### अमृतम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में उच्चस्तरीय इलाज की सुविधा



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के पचपेड़ी नाका स्थित श्री अमृतम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और अनुभवी डॉक्टरों की टीम के साथ स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक नई पहचान बना रहा है। यह हॉस्पिटल गंगा डायग्नोस्टिक के पास स्थित है और एनएबीएच से प्रमाणित है। श्री अमृतम हॉस्पिटल में विभिन्न सुपर स्पेशलिटी सेवाएं उपलब्ध हैं, जिनमें न्यूरोसर्जरी एवं ब्रेन ट्यूमर का इलाज, रीढ़ की हड्डी की सर्जरी, ब्रेन हेमरेज, सिरदर्द और माइग्रेन जैसी न्यूरोलॉजिकल समस्याएं और गले और मुंह की सर्जरी की सुविधा है। इसके अलावा क्रिटिकल केयर यूनिट और पेन मैनेजमेंट भी उपलब्ध है। साथ ही लेजर तकनीक द्वारा बवासीर (हेमोरॉइड), भगंदर (फिस्टुला), फिशर और वेरिकोस वेन की सर्जरी की जाती है।

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने मनाई डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती



**रायपुर।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अंचल प्रमुख बीआर रामाकृष्णा नायक ने आंबेडकर चौक रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में संविधान निर्माता को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने डॉ. आंबेडकर के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने भारत को लोकतंत्र, समानता और न्याय की मजबूत नींव प्रदान करने वाला संविधान दिया, जिससे आज देश एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में बैंक के कई वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया रायपुर और एससी/एसटी/ओबीसी एम्प्लाइज एसोसिएशन द्वारा बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को छाछ वितरित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में अनिल सखारकर, खुदीराम हेम्ब्रम, जोनाथन कुजूर, दीक्षा डोंगरे, अशोक सुखदेव, विनीत नंदेश्वर, बीआर चंद्रवंशी, भूपेंद्र ठाकुर, टी. मेश्राम, पी. मेश्राम, डीके नाग, के. कुर्रे, सुधीर एक्का, संदीप प्रसाद, पूजा चौधरी और अल्पना लकड़ा समेत कई अन्य सदस्यों का अहम योगदान रहा।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# पहली परीक्षा के बाद जारी होगी अस्थायी मेरिट लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा तमाम अटकलों को दूर करते हुए वर्तमान शैक्षणिक सत्र में दसवीं-बारहवीं के परीक्षा परिणाम जारी करने का निर्णय लिया गया है। माशिम द्वारा मूल्यांकन कार्य जारी है। 15 मई तक परिणाम जारी किए जाने की संभावना है। नतीजों के साथ ही माशिम मेरिट लिस्ट भी जारी करेगा। लेकिन यह स्थायी मेरिट लिस्ट होगी। पूर्व में भी माशिम द्वारा परिणाम जारी किए जाने के दौरान अस्थायी मेरिट लिस्ट जारी की जाती रही है। पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना के बाद माशिम स्थायी मेरिट लिस्ट जारी करता रहा है, लेकिन इस बार स्थायी मेरिट लिस्ट दूसरी परीक्षा के बाद जारी होगी। शैक्षणिक सत्र 2024-25 से माशिम ने दो बार बोर्ड परीक्षाओं की शुरुआत की थी। इसके अंतर्गत मार्च में होने वाली परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण छात्रों के लिए जून-जुलाई में पुनः परीक्षा आयोजित की जाती है। इसके अलावा ऐसे विद्यार्थी जो परीक्षा में उत्तीर्ण हो चुके हैं, लेकिन श्रेणी सुधार के लिए फिर से परीक्षा में बैठना चाहते है उन्हें भी इसकी अनुमति प्रदान की जाती है। इस तरह से प्रथम और द्वितीय दोनों ही परीक्षाओं के परिणाम जारी होने के बाद स्थायी मेरिट लिस्ट जारी होगी।

- स्थायी के लिए 'दूसरी परीक्षा' का इंतजार

**सीबीएसई जारी नहीं करेगा सूची** : केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा इस वर्ष भी मेरिट लिस्ट जारी नहीं की जाएगी। सीबीएसई द्वारा मेरिट प्रथा को पूर्णतः बंद कर दिया गया है ताकि बच्चों के मध्य स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बनी रहे। राष्ट्रीय स्तर मेरिट लिस्ट जारी नहीं किए जाने के साथ ही विद्यालय स्तर पर भी सूची जारी नहीं की जा रही है। केंद्रीय विद्यालय भी संस्था स्तर पर मेरिट लिस्ट की घोषणा नहीं करेंगे।

### बदला गया है नाम

मेरिट लिस्ट में जगह बनाने वाले विद्यार्थियों को शासन की तरफ से निश्चित धनराशि और लैपटॉप प्रदान किए जाते रहे हैं। बीते सत्र से छात्रों को लैपटॉप के स्थान पर भी धनराशि ही प्रदान की जा रही है, ताकि वे अपनी आवश्यकतानुसार लैपटॉप का मॉडल पसंद कर सकें। इस योजना का पूर्व में नाम पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना था, जिसे पिछली सरकार ने बदलकर स्वामी आत्मानंद मेधावी सम्मान योजना कर दिया था। अब फिर से पूर्ववर्ती नाम पर इस योजना का संचालन हो रहा है। इसे लेकर बीते दिनों आदेश भी जारी हुआ था।

# छत्तीसगढ़ में वक्फ प्रापर्टी का सर्वे धमतरी में चिन्हित की जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वक्फ बिल में संशोधन के बाद छत्तीसगढ़ में वक्फ प्रापर्टी का सर्वे टीम ने किया है। वक्फ की एक जमीन पर अस्पताल बनाने का प्लान तैयार कर लिया गया है। वक्फ की यह जमीन धमतरी में चिन्हित की गई है। यह पीपीपी मोड पर हो सकता है, लेकिन इसमें गरीब मुस्लिमों को इलाज के लिए कई तरह की छूट मिलेगी।

- अस्पताल और शापिंग मॉल बनाने का प्लान
- केंद्रीय संयुक्त सचिव स्तर की टीम ने किया सर्वे

छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डा. सलीम राज ने केवल इस बात की ही पुष्टि की है कि केंद्र सरकार की सर्वे टीम ने दो-तीन जमीनों को चिन्हित किया है। यहां पर अस्पताल और शापिंग मॉल बनाने के लिए जमीन चिन्हित कर ली है। यह धमतरी में एक वक्फ प्रापर्टी का हिस्सा है। संशोधित वक्फ कानून लागू होने के बाद छत्तीसगढ़ में वक्फ प्रापर्टीज का सर्वे करने के लिए केंद्र सरकार की संयुक्त सचिव स्तर की टीम पहुंची थी। 10 सदस्यों की टीम ने रायपुर में आधा दर्जन जगह तथा धमतरी, महासमुंद और बलौदाबाजार में कई वक्फ प्रापर्टी का सर्वे किया।

### वक्फ की प्रापर्टी का लेखा-जोखा तैयार

बताया गया है कि सर्वे टीम ने छत्तीसगढ़ में कब्जा की गई वक्फ प्रापर्टी का लेखा-जोखा भी तैयार किया है। टीम सर्वे की रिपोर्ट केंद्र सरकार को देगी। उसके बाद आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।





मैनपाट में दोपहर का तापमान 20 से 25 डिग्री तक

## एजूकेशन अपडेट

### यूपीएससी ने डिप्टी कंट्रोलर, असिस्टेंट इंजीनियर समेत विभिन्न पदों पर भर्ती निकाली

**रायपुर।** संघ लोक सेवा आयोग की ओर से सिस्टम एनॉलिस्ट, डिप्टी कंट्रोलर, असिस्टेंट इंजीनियर समेत विभिन्न पदों पर भर्ती निकाली गई है। जो भी उम्मीदवार सरकारी नौकरी की तलाश कर रहे हैं और ग्रेजुएशन/इंजीनियरिंग डिग्री प्राप्त कर चुके हैं, उनके पास इस भर्ती में शामिल होने का सुनहरा मौका है। भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 12 अप्रैल से शुरू हो गई है, जो निर्धारित अंतिम तिथि 1 मई 2025 तक जारी रहेगी। इस भर्ती में शामिल होने के लिए एप्लिकेशन फॉर्म केवल ऑनलाइन माध्यम से ही भरा जा सकता है, अन्य किसी भी प्रकार फॉर्म स्वीकार नहीं होंगे। आवेदन पत्र संघ लोक सेवा आयोग की ऑफिशियल वेबसाइट upsc.gov.in पर जाकर भरा जा सकता है। सहूलियत के लिए इस पेज पर आवेदन की स्टेप्स एवं एप्लिकेशन लिंक दिया जा रहा है, जिससे आप आसानी से आवेदन कर सकते हैं।

#### इन पदों पर होगी भर्ती

इस भर्ती में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों को 25 रुपए आवेदन शुल्क के रूप में जमा करना होगा। आरक्षित श्रेणी से आने वाले अभ्यर्थियों को आवेदन के साथ किसी भी प्रकार का शुल्क जमा नहीं करना होगा, अर्थात वे पूर्ण रूप से निशुल्क फॉर्म भर सकते हैं। इस भर्ती के माध्यम से यूपीएससी की ओर से कुल 111 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। पदानुसार सिस्टम एनॉलिस्ट के 1 पद, डिप्टी कंट्रोलर के 18 पदों, असिस्टेंट इंजीनियर के 1 पद, असिस्टेंट इंजीनियर (नौसेना गुणवत्ता आश्वासन) के 7 पदों, सहायक अभियंता (नौसेना गुणवत्ता आश्वासन)- मैकेनिकल के 1 पद, संयुक्त सहायक निदेशक के 13 पदों, सहायक विधायी परामर्शदाता के 4 पदों और सहायक लोक अभियोजक के 66 पदों पर भर्ती की जाएगी।

### डीआरडीओ में ग्रेजुएट, डिप्लोमा व आईटीआई अप्रेंटिस पदों पर भर्ती

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन में अप्रेंटिसशिप करने का शानदार मौका है। डीआरडीओ में ग्रेजुएट, डिप्लोमा एवं आईटीआई अप्रेंटिस पदों पर भर्ती निकाली गई है। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया स्टार्ट हो चुकी है। ऐसे में योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी इस भर्ती में भाग लेने के लिए **NATS** की आधिकारिक वेबसाइट **nats.education.gov.in** पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। फॉर्म भरने की लास्ट डेट 8 मई 2025 निर्धारित की गई है। फॉर्म भरने के बाद फॉर्म की हार्डकॉपी ईमेल के माध्यम से एवं निर्धारित पते पर भेजना अनिवार्य है।

**अप्रैल में भी हवा में है ठंडक... पर्यटन के ठंडी जगहों पर भ्रमण करने पहुंच रहे पर्यटक**

# वीकेंड में रायपुरियंस का मैनपाट-चिल्फी कूच, अचानकमार भी बना पसंदीदा स्पॉट

गर्मी के मौसम में अब लोग ऐसी जगहों पर जाना पसंद कर रहे हैं, जहां तेज गर्म हवा से बचा जा सके। शहरों में जहां गर्मी अपने चरम पर है, वहीं छत्तीसगढ़ के हिल स्टेशनों पर मौसम अब भी ठंडा है। इन दिनों रायपुर से मैनपाट, चिल्फी घाटी और अचानकमार टाइगर रिजर्व समेत जशपुर भ्रमण के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक जाना पसंद कर रहा है।



चिल्फी घाटी में सुबह 6 बजे 19 डिग्री सेल्सियस

**रायपुर।** शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री पार कर रहा है, वहीं मैनपाट जैसे ठंडे इलाकों में रात का तापमान 19 से 20 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया जा रहा है। ये रायपुर की तुलना में 10 डिग्री तक कम है। चिल्फी घाटी (कवर्धा) और अचानकमार (बिलासपुर) में भी सुबह और शाम की ठंडी हवाएं सर्दी जैसा एहसास करा रही है। इन दिनों गर्मी की छुट्टियों और वीकेंड ट्रैवल के लिए ये जगहें पर्यटकों को अब आकर्षित कर रही हैं। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, इन क्षेत्रों की ऊंचाई और घनी वनस्पतियां तापमान को स्थिर बनाए रखने में मदद करती हैं, जिससे यहां की जलवायु अन्य जगहों की तुलना में ठंडी बनी रहती है।



### दोपहर में भी नहीं लग रही गर्मी

हरिभूमि ने प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों का तापमान जाना, जहां इन दिनों सबसे ज्यादा पर्यटक पहुंच रहे हैं। इन दिनों मैनपाट छत्तीसगढ़ का सबसे ठंडा स्थल बना हुआ है। यहां दोपहर में भी तापमान केवल 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा बार नवापारा में तापमान 30 डिग्री, बस्तर में 28 डिग्री, अचानकमार और चिरमिरी में 29 डिग्री, वहीं जशपुर में तापमान 26 डिग्री सेल्सियस है। इन सभी इलाकों में दोपहर के समय भी गर्म हवा का अहसास नहीं हो रहा है। ठंडी हवाएं और घने जंगल इन क्षेत्रों की जलवायु को संतुलित बनाए हुए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह ठंडक अप्रैल और मई तक बनी रह सकती है, जिससे ये सभी हिल स्टेशन पर्यटकों के लिए गर्मी में राहत देने वाले बेहतरीन डेस्टिनेशन साबित हो सकते हैं।

### गर्मी में अरकू वैली और नेचर कैंप की बढ़ी डिमांड

गर्मी में राहत पाने के लिए अब छत्तीसगढ़ से बाहर भी प्रकृति के करीब छुट्टियां मनाने की योजना बनाई जा रही है। ट्रैवल एजेंसियों के मुताबिक, इन दिनों विशाखापट्टनम की अरकू वैली और राउरकेला में आयोजित नेचर कैंप के लिए बुकिंग में तेजी देखी जा रही है। विशेष रूप से विशाखापट्टनम को गर्मी के सीजन में सबसे उपयुक्त हिल स्टेशन माना जा रहा है। यहां ट्रेन से सिर्फ 6 घंटे में पहुंचा जा सकता है और आसपास की पहाड़ियों और हरियाली से भरपूर वादियां पर्यटकों को आकर्षित कर रही हैं। ट्रैवल एजेंसी के मुताबिक, अरकू वैली के लिए अब तक 18 पर्यटकों ने बुकिंग करा ली है। वहीं राउरकेला और दार्जिलिंग में भी पर्यटन विभाग द्वारा इस बार नेचर कैंप का आयोजन किया जा रहा है।



### तापमान देखकर करा रहे बुकिंग

*प्रदेश में जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है, लोग अब पर्यटन स्थलों का चुनाव तापमान देखकर कर रहे हैं। पर्यटन विभाग के सूचना केंद्रों में बुकिंग से पहले पर्यटक सबसे पहले यह पूछ रहे हैं कि कहां का मौसम सबसे ठंडा है। जानकारी के अनुसार, शनिवार और रविवार को चिल्फी घाटी, बार नवापारा, मैनपाट, कोंडागांव और जगदलपुर के रिसॉर्ट्स की सबसे ज्यादा बुकिंग हो रही है। यहां रात के समय लोगों को गर्मी का एहसास नहीं होता और सुबह-सुबह चलने वाली ठंडी हवाएं इन जगहों को और भी सुकूनभरा बना रही हैं। पर्यटन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, छुट्टियों के इस मौसम में लोग ठंडी जलवायु वाले स्थलों को ही प्राथमिकता दे रहे हैं।*

### जलप्रपात में भी रोजाना हजारों की भीड़

*गर्मी की तपन से राहत पाने के लिए प्रदेश के जलप्रपातों में पर्यटकों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। चाहे वह बस्तर का प्रसिद्ध चित्रकोट और तीरथगढ़ जलप्रपात हो या गरियाबंद का देवधारा और सिरपुर क्षेत्र का धसकुड़ जलप्रपात, हर जगह अब सैलानियों की चहल-पहल दिखाई दे रही है। कसडोल क्षेत्र में पहाड़ियों के बीच स्थित कुटन नाला और सिद्धखोल जलप्रपात भी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गए हैं। यहां की ठंडी बहती धाराएं और हरियाली गर्मी में एक सुकून भरा अनुभव दे रही हैं। गर्मी की छुट्टियों और वीकेंड पर इन जलप्रपातों में रोजाना हजारों पर्यटक पहुंच रहे हैं। न सिर्फ बड़े, बल्कि छोटे जलप्रपातों की ओर भी अब पर्यटकों का रुझान बढ़ा है।*

## सिटी इवेंट

### ट्रेनिंग सेशन में दिखी यूथ में ऊर्जा की लहर नेतृत्व और जीवन कौशल पर मिला मार्गदर्शन



**रायपुर।** जेसीआई रायपुर मैक यूनाइटेड द्वारा महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में आई एम द बेस्ट ट्रेनिंग सेशन का आयोजन किया गया। इंटरनेशनल प्राइम ट्रेनर जेएफआर राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। उन्होंने व्यावहारिक उदाहरणों और प्रभावशाली शैली के माध्यम से युवाओं को जीवन, नेतृत्व और संतुलन के नए दृष्टिकोण सिखाए। सेशन में जीवन के छह जरूरी पहलुओं में सामाजिक, आर्थिक, पारिवारिक, मानसिक, आध्यात्मिक और शारीरिक में संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता को समझाया गया। साथ ही लीडरशिप स्किल्स पर केंद्रित इंटरैक्टिव एक्टिविटीज भी कराई गई, जिसमें प्रतिभागियों को टीमों में बांटकर पोस्टर मेकिंग और भाषण गतिविधियों में भाग लेने का मौका मिला। इससे युवाओं ने टीमवर्क, समय प्रबंधन और संवाद कौशल की अहमियत को नजदीक से समझा।




#### युवाओं को समझाए एक्शन प्लान के पांच स्तंभ

*राजेश अग्रवाल ने बताया कि एक अच्छा लीडर प्रोएक्टिव होता है, वह निर्णय लेने में सक्षम होता है, जबकि रिएक्टिव व्यक्ति सिर्फ परिस्थितियों पर प्रतिक्रिया देता है। उन्होंने एक्शन प्लान के पांच स्तंभ सर्वेक्षण, विश्लेषण, योजना, क्रियान्वयन और मूल्यांकन की व्याख्या करते हुए समझाया कि इनमें से कोई भी कमजोर हो तो लक्ष्य तक पहुंचना कठिन हो जाता है। जब आप दूसरों को ऊपर उठाते हैं तो आप भी ऊपर उठते हैं, लेकिन जब किसी को झुकाते हैं तो आप भी नीचे आ जाते हैं।" ये बातें युवाओं को न केवल प्रेरित करती हैं, बल्कि उन्हें सामाजिक और नैतिक दृष्टिकोण भी प्रदान करती हैं।*

## एचएनएलयू में कॅरियर डेवलपमेंट कॉन्फ्रेंस-2.0 का समापन, विशेषज्ञों ने छात्रों को दिए सफलता के मंत्र

**रायपुर।** हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित छह महीने लंबे 'कॅरियर डेवलपमेंट कॉन्फ्रेंस-2.0 नई दिशाओं की ओर' का समापन समारोह में संपन्न हुआ। विश्वविद्यालय की इंटर्नशिप एवं भर्ती समिति द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में देश-विदेश के 75 से अधिक प्रतिष्ठित और सफल पेशेवरों ने शिरकत कर छात्रों को कॅरियर, नेतृत्व और विधिक क्षेत्र की विविधताओं पर मार्गदर्शन दिया। सम्मेलन के दौरान कुल 21 विचारोत्तेजक सत्र आयोजित हुए, जिनमें से दो वैश्विक संगोष्ठियां भी रहीं। इन सत्रों में प्रमुख विधि फर्मों के पार्टनर, मैनेजिंग पार्टनर, को-फाउंडर सहित 30 से अधिक दिग्गजों और भारत व विदेश के 20 से अधिक संस्थानों से 40 विशेषज्ञों ने अपनी बात रखी। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एस. रमेश, पूर्व अध्यक्ष, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने भारत के आर्थिक सुधारों और नियामकीय ढांचे की बदलती तस्वीर को साझा करते हुए कहा, आप कानून के भविष्य के वास्तुकार हैं। आप ही इसे बनाएंगे, समझेंगे, लागू करेंगे और उस पर तर्क देंगे। उन्होंने विवि की इस पहल की सराहना करते हुए इसे परिवर्तन और सक्रियता का अग्रदूत बताया।





#### सच्चाई से किए गए चुनाव जीवन की दिशा तय करते हैं

विशिष्ट अतिथि एक्सेंचर नई दिल्ली की वैश्विक विधिक उपाध्यक्ष जाह्नवी उपाध्याय ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा, सच्चाई से किए गए चुनाव जीवन की दिशा तय करते हैं। उपस्थित रहें, प्रामाणिक रहें और याद रखें, छवि मायने रखती है। कुलपति प्रो. (डॉ.) वीसी विवेकानंदन ने अपने संदेश में कहा, यह दूसरा संस्करण शैक्षणिक जगत और पेशेवर दुनिया के बीच की खाई को पाटने में सफल रहा है। यह मंच छात्रों को कॅरियर की नई संभावनाओं से जोड़ता है और उन्हें वैश्विक मंचों पर आत्मविश्वास से पेश आने की दिशा में तैयार करता है।

## एनआईटी में नैनो टेक्नोलॉजी पर एफडीपी शुरू, देशभर से 46 प्रोफेसर्स हुए शामिल

**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग की ओर से इमर्जिंग नैनोस्केल सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजीज: ब्रिजिंग इनोवेशन टू एप्लिकेशन विषय पर नौ दिवसीय ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम की शुरुआत की गई। यह कार्यक्रम भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के तहत ईआईसीटी अकादमी के सहयोग से आयोजित हो रहा है। उद्घाटन कार्यक्रम में एनआईटी रायपुर के निदेशक प्रो. एन.वी. रमना राव मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने नैनो टेक्नोलॉजी के तेजी से बढ़ते उपयोग और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में इसके महत्व पर चर्चा की। कार्यक्रम में देशभर से 46 से अधिक प्रोफेसर्स और शोधकर्ता शामिल हुए। इस दौरान डॉ. श्रीश वर्मा, डीन अकादमिक, डॉ. ए.एस. रघुवंशी मुख्य अन्वेषक, ईआईसीटी अकादमी, प्रो. टी. मीनपाल, विभागाध्यक्ष समेत अन्य गणमान्य अतिथि शामिल हुए।



*20 तकनीकी सत्र होंगे : कार्यक्रम का खास आकर्षण पेन स्टेट यूनिवर्सिटी (यूएसए) के प्रोफेसर दास का व्याख्यान रहा, जिन्होंने 'टूडी मैटेरियल्स एंड द फ्यूचर ऑफ माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स' विषय पर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे टूडी मटेरियल्स आने वाले समय में माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स की दुनिया में क्रांतिकारी बदलाव ला सकते हैं। एफडीपी के दौरान कुल 20 तकनीकी सत्र होंगे, जिसमें देश और विदेश के विशेषज्ञ शिक्षाविद और इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स शामिल होंगे। इस कार्यक्रम का मकसद नैनो टेक्नोलॉजी के आधुनिक शोध और उसके वास्तविक दुनिया में उपयोग की जानकारी देना है। इस पूरे कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. चित्रकांत साहू कर रहे हैं, जिनके प्रयासों से यह आयोजन सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है।*

**डॉ. कृष्ण बोले- खुद ही रिपेयर कर लेते हैं अपना स्कूटर, कभी धक्का लगाने की जरूरत नहीं पड़ी**

## पांच साल पहले मैसूर से मां को स्कूटर से दुनिया का भ्रमण कराने निकले डॉ. कृष्ण, मातृत्व सेवा का लिया है संकल्प

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** भागदौड़ भरी जिंदगी में जहां बेटे-बेटियां माता-पिता के पास बैठकर बात करने के लिए समय नहीं निकाल पाते। उनकी सेवा से बचने के लिए बेहाल स्थिति में छोड़कर किनारा करने लगते हैं। ऐसे दौर में 16 जनवरी 2018 को कर्नाटक के मैसूर निवासी डॉ. कृष्णामूर्ति कृष्ण कुमार अपनी मां को 20 साल पुराने स्कूटर से दुनिया की यात्रा कराते हुए सोमवार को रायपुर प्रेस क्लब पहुंचे। बताया कि 5 वर्ष पहले पिता का निधन हो गया था। इसके बाद वे पुराना स्कूटर लेकर मां चूडारलम्मा को दुनिया की यात्रा कराने के लिए निकले हैं। जो अभी तक अनवरत जारी है। डॉ. कुमार ने बताया, झारखंड से छत्तीसगढ़ और इसके बाद आंध्रप्रदेश जाएंगे।

#### स्कूटर को कभी धक्का नहीं देना पड़ा

उन्होंने बताया कि अब तक केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, पुदुचेरी, गोवा, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, कन्याकुमारी सहित कई राज्यों की यात्रा कर चुके हैं। नेपाल, भूटान, म्यांमार जैसे देशों की यात्रा कर चुके हैं। अभी तक उनका स्कूटर 96 हजार 205 किलोमीटर की यात्रा कर चुका है। इस बीच गाड़ी को सर्विस करने का काम वे खुद करते हैं। अभी तक एक बार भी स्कूटर को धक्का देने का अवसर नहीं आया। मैंने मातृत्व सेवा संकल्प यात्रा के तहत शुरू की थी, यह यात्रा अनवरत चल रही है।



#### मठ-मंदिरों में रहते हैं, मिलता है सत्कार

उन्होंने कहा कि अभी तक बाहर में कहीं भी खाना नहीं खाए हैं। मठ-मंदिर में रहने की व्यवस्था हो जाती है। सभी जगह अतिथि देवो भव के तहत सेवा सत्कार मिलता है। हमारा धर्म श्रेष्ठ धर्म है, इस धर्म के तहत हमें जो आदर सत्कार मिलता है, उसे कभी नहीं भूल सकता। माता-पिता का ऋण कभी चुकाया नहीं जा सकता, लेकिन हमेशा माता-पिता का ऋण चुकाने का प्रयास होना चाहिए। यह प्रयास माता-पिता जीवित रहते करना चाहिए। उनकी मृत्यु के बाद जो करते हैं, वह उनके किसी काम का नहीं होता है।

## सिटी लाइव

# बेटियों को सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग काउंसिलिंग सेंटर बनाने सहमति



**रायपुर।** समाज को सरोकार से जोड़ने के लिए प्रदेश महिला देवांगन समाज ने बेटियों को सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग देने का निर्णय लिया है। परिवार के बीच होने वाले विवादों को सुलझाने के लिए अब समाज ने काउंसिलिंग सेंटर स्थापित करने का फैसला भी किया है। यह निर्णय देवांगन समाज के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में डॉ. ओमप्रकाश देवांगन ने समाजजनों के बीच लिया। सभी जिलों में समाज का भवन बनाने की योजना है। समाज की महिलाओं ने पहली कार्यकारिणी की बैठक गुढ़ियारी में रखी। जहां चरणबद्ध तरीके से हर महीने आयोजन करने पर सहमति जताई गई। बेटियों को सेल्फ डिफेंस सिखाने का क्रम भी रायपुर से शुरू करने की सहमति बनी। रायपुर में प्रशिक्षण का दायित्व कामिनी देवांगन को दिया गया।

### सेंटर में वकीलों की टीम देगी सेवा

प्रदेश महिला देवांगन समाज की अध्यक्ष रेणु देवांगन ने बताया कि आज पारिवारिक विवाद बड़ी समस्या बनकर उभर रहा है। समय पर सही मार्गदर्शन नहीं मिलने से परिवार बिखर जाता है। इसे सुलझाने के लिए समाज का अपना काउंसिलिंग सेंटर शुरू किया जाएगा। इसके लिए समाज की महिला वकीलों की टीम बनाई जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. देवांगन ने कहा कि बुनकर समिति की जमीन पर कब्जा है। उसे समाज को वापस दिलाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि बुनकर फैमिली का आर्थिक सुधार हो सके। बैठक में दानसिंह देवांगन, लक्ष्मी देवांगन, डॉ. वेदप्रकाश देवांगन, नरेंद्र देवांगन ने परामर्श दिया।

## आराधना

# प्रभु की लीला के बिना न कोई जन्म ले सकता है, न मृत्यु हो सकती है



**रायपुर।** आग्रोहा कॉलोनी में दिव्य भागवत कथा में व्यासपीठ से व्याख्यान दिवाकर आचार्य झम्मन शास्त्री महाराज द्वारा दिया जा रहा है। प्रथम दिवस की कथा में आचार्यश्री ने बताया कि ज्ञानयज्ञ का उद्देश्य केवल यश पाने के लिए किसी इच्छा के अधीन किया गया धर्म नहीं होता, बल्कि कथा के माध्यम से अंतःकरण को शुद्ध किया जाता है। उन्होंने कहा कि यदि भगवान को पाने की इच्छा हो तो परीक्षित और शुकदेव का संवाद ही सुन लिया जाए तो जीवन धन्य हो जाएगा। अकाल मृत्यु से बचने के लिए भागवत कथा का श्रवण अवश्य करना चाहिए। श्रीमद्भागवत कथा के माध्यम से महाराजश्री ने बताया कि प्रभु की लीला के बिना न कोई जन्म ले सकता है, न मृत्यु हो सकती है। सभी कालचक्र में ईश्वर की सहमति विद्यमान रहती है। आकृतार्थ जीवात्मा को पुनर्जन्म लेना पड़ता है, इसलिए 24 घंटे में कम से कम सवा घंटे प्रभु की स्तुति, भजन-कीर्तन के माध्यम से करनी चाहिए। जीवन का उद्देश्य ईश्वर को पाना है, न कि केवल धन, वैभव और जीवकोपार्जन में लगे रहना।

### भटकते युवाओं को ग्रंथों के माध्यम से धर्म से जोड़ना है

महाराजश्री ने कहा कि पार्टी और सरकार परोपकार के लिए होती है, न कि स्वहित के लिए। देश में लोग गोमाता के चारागाह पर भी कब्जा करने से बाज नहीं आ रहे हैं। माता को संरक्षित करने के लिए किसी भी सरकार की ओर से कोई ठोस तैयारी नहीं दिखती तो शुद्ध दूध, घी, दही और मक्खन कहां से मिलेगा? भागवत कथा के दौरान उन्होंने विशेष रूप से युवाओं की उपस्थिति की कमी पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा और भागवत कथा का उद्देश्य भटकते युवाओं को ग्रंथों के माध्यम से धर्म से जोड़ना है। इसलिए हर घर से कम से कम एक युवा को इन कथाओं में सम्मिलित होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ पुण्यभूमि है, यह भगवान श्रीराम का ननिहाल रहा है, यही कारण है कि यह प्रदेश तमाम प्राकृतिक आपदाओं से कम प्रभावित होता है। महाराजश्री ने कहा कि आज धरती माता को 104 डिग्री का बुखार सता रहा है, ग्लोबल वार्मिंग से ग्लेशियर पिघल रहे हैं और समुद्र की जलधाराएं बढ़ रही हैं। मानव विकास के चक्कर में प्रकृति के साथ जो छेड़छाड़ हो रही है, वह पूरे मानव समाज के लिए खतरे की घंटी है।

## इंडोर स्टेडियम में छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के महाधिवेशन में शामिल हुए सीएम साय

# कुर्मी समाज के युवा अब नहीं कर सकेंगे प्री-वेडिंग आदर्श विवाह से 11 जोड़ों ने बचाए लाखों रुपए

'मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के युवा अब प्री-वेडिंग नहीं कर सकेंगे। केंद्रीय राज प्रधान और राज प्रधान का चुनाव अब एकसाथ होगा। ऐसे कुछ बड़े निर्णय राज प्रमुखों और समाज की सहमति से महाधिवेशन के अंतिम दिन लिए गए। एक तरफ जहां समाज बड़े निर्णय ले रहा था। वहीं दूसरी तरफ अलग-अलग राज के वर-वधू ने आदर्श विवाह के लिए सजाए गए लग्न मंडप में परिणय सूत्र में बंधते हुए विवाह पर होने वाली लाखों की फिजूलखर्ची को रोकने की पहल करते हुए आदर्श स्थापित किया।'



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज ने दो दिवसीय महाधिवेशन का आयोजन इस बार इंडोर स्टेडियम में किया। जहां दूसरे दिन भी सामाजिक सरोकार बढ़ाने और समाज में बुराई का रूप ले चुकी नई परंपराओं को खत्म करने का भी निर्णय लिया। केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप ने समाज द्वारा महाधिवेशन में जिन प्रस्तावों को पास किया गया, उसका जिक्र किया। बताया कि समाज में प्री-वेडिंग जैसी परंपरा पर रोक लगाने, राज प्रधान एवं केंद्रीय अध्यक्ष के चुनाव को एक साथ कराने के प्रस्ताव लाए गए थे। इसे सर्वसम्मति से राज प्रमुखों और समाज की सहमति से पारित किया गया। समाज में अनिवार्य सहयोग राशि में इजाफा का भी प्रस्ताव लाया गया था, इसे पारित किया गया। केंद्रीय अध्यक्ष ने महापुरुषों का नाम बदलने की नीति को खेदजनक बताया। कहा कि ऐसे नाम नहीं बदलना चाहिए। इससे समाज की भावना आहत होती है।



### महाधिवेशन में शामिल हुए सीएम साय

उन्होंने समाज के आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं की मदद करने पर जोर दिया। कहा कि समाज द्वारा ऐसे बच्चों की शिक्षा के लिए पहल की जाएगी। महाधिवेशन में मुख्य अतिथि सीएम विष्णु देव साय ने कुर्मी समाज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज ने मुझे बुलाया सम्मान किया। योजनाओं की जानकारी देने के साथ नरदहा में भवन के निर्माण के लिए 50 लाख देने की घोषणा की। पूर्व राज्यपाल रमेश बैस ने कुर्मी क्षत्रिय समाज के गौरवशाली इतिहास पर भी प्रकाश डाला। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सामाजिक भवन के लिए समाज को 10 लाख देने की घोषणा की।



### 11 जोड़ों को अतिथियों ने दिया आशीर्वाद

रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि मैं खुद समाज का दो बार मुखिया रहा हूं, इसलिए समाज की बातों को बहुत अच्छे से समझता हूं। उन्होंने कुर्मी समाज का भवन बनाने के 15 लाख रुपए देने की घोषणा की। मंत्री टंकराम वर्मा ने भी समाज को संबोधित किया। इसके बाद सभी अतिथियों ने आदर्श विवाह कर समाज को नई सोच देने वाले वर-वधू को आशीर्वाद दिया। इस दौरान उनसे सीएम श्री साय सहित सभी अतिथियों ने संवाद किया। सभी वर-वधू के साथ उनके परिजन भी मौजूद थे। आदर्श विवाह सम्पन्न कराने में युवा अध्यक्ष चंद्रकांत वर्मा ने अहम भूमिका निभाई।



### पंडाल में विधि-विधान से हुई शादी

महाधिवेशन के साथ ही दूसरी तरफ सजाए गए पंडाल में 11 जोड़ों के लिए लग्न मंडप भी सजाया गया था। इसमें सभी वर-वधू पक्ष के लोगों ने चूलमाटी की रस्म निभाने के साथ ही मेहंदी लगाई। समाज की महिलाओं ने इसमें सहयोग दिया। वहीं वैवाहिक माहौल में आचार्यों ने वैदिक विधि-विधान से सभी जोड़ों का विवाह कराया। आयोजन में किसी प्रकार की परेशानी न होने पाए, इसके लिए जिम्मेदारी बांटी गई थी। इस आयोजन को सफल बनाने में समाज की महिलाओं ने भी वर-वधू पक्ष को सहयोग दिया।

### ये रहे उपस्थित

आयोजन में केंद्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोती लाल वर्मा ,महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा,संयोजक राज संयोजक राज प्रधान जागेश्वर वर्मा, रघुनंदन लाल वर्मा,विपिन बिहारी वर्मा मंचस्थ रहे। वहीं केके नायक, तोरण नायक, लक्ष्मी वर्मा, लक्ष्मी बघेल, केंद्रीय महिला अध्यक्ष सरिता बघेल युवा अध्यक्ष चंद्रकांत वर्मा ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया। सुनीता वर्मा, ठाकुर राम वर्मा, हरिराम वर्मा ,चिंता राम वर्मा, नीलमणि परगनिहा, चंद्रभामा परगनिहा, युगल किशोर आडिल, ईश्वरी वर्मा प्रमुख रुप से शामिल हुए। राम खिलावन वर्मा , संतोष आडिल सचिव मोहित वर्मा सह सचिव ,शेखर वर्मा, प्रवीण धुरंधर, भूपेंद्र वर्मा, भानु प्रताप वर्मा, श्रद्धा नायक,सुनील वर्मा , सरिता वर्मा, अन्नू कश्यप, सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

# संविधान निर्माता की जयंती पर उमड़ा जनसैलाब



**रायपुर।** संविधान निर्माता की जयंती पर आंबेडकर चौक के पास मुख्य आयोजन किया गया। जहां हर क्षेत्र से आए लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। डॉ. बाबा साहब आंबेडकर सार्वजनिक जयंती समारोह समिति ने स्टेज एवं पंडाल सजाया था। जहां सुबह 11 बजे सार्वजनिक जयंती समारोह समिति, भारतीय बौद्ध सभा, समता सैनिक दल के पदाधिकारियों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद विधि-विधान से इस आयोजन का शुभारंभ किया गया।



### बरसनी में बाबा साहेब की नवनिर्मित प्रतिमा का किया अनावरण

भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर ग्राम बरसनी में बाबा साहेब की नवीन प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध समाजसेवी तथा भीम आर्मी के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज बंजारे बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। श्री बंजारे ने बाबा साहेब की प्रतिमा का अनावरण किया और पुष्पमाला अर्पित की।

### गाड़ा युवा विंग ने मनाई आंबेडकर जयंती

छग गाड़ा युवा विंग के अध्यक्ष सचिन बघेल के नेतृत्व में संविधान के निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं मोमबत्ती जलाकर नमन किया। कार्यक्रम में समाजसेवक सदाशिव सोनी, कृष्ण बाघ, गोपाल बाघ, शरद जाल, उपाध्यक्ष मंगल जाल, अजय जगत, सन्नी नायक सहित समस्त भीम अनुयायी उपस्थित हुए।

### कृषि कॉलेज में मनाई गई जयंती



इंदिरा गांधी कृषि विवि के छात्र-छात्राओं ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती धूमधाम से मनाई। विशिष्ट अतिथि वक्ता डी. दर्शन (स्टेट काउंसिल ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च ट्रेनिंग) और सामाजिक न्याय कार्यकर्ता, अधिवक्ता भगवानू नायक ने छात्रों को संबोधित किया। अधिष्ठाता जीके दास और वीके पांडेय ने भी उनके जीवन प्रसंग बताए।

### डॉ. आंबेडकर वार्ड में मनाई जयंती



भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर वार्ड 11 में जयंती मनाई। इस अवसर पर पार्षद मोहन साहू, मोवा मंडल के अध्यक्ष मनीष नागोड, पार्षद देवदत्त द्विवेदी, पार्षद एवं एमआईसी सदस्य खेम सेन मौजूद रहे।

### बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर को अर्पित की पुष्पांजलि



प्रदेशभर में सोमवार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इसी कड़ी में सामाजिक कार्यकर्ता सावित्री जगत ने आंबेडकर चौक पर बाबा साहेब की प्रतिमा को नमन कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब ने सदियों से चली आ रही गैरबराबरी और छुआछूत जैसी कुप्रथाओं को समाप्त कराया। बाबा साहेब का जीवन हर वर्ग के लिए प्रेरणादायी है।

# रामचरित मानस को जीवन में उतारें, तभी सफल होगी भक्ति



**रायपुर।** श्री रामचरित मानस हमें सेवा का महत्व सिखाता है। यह हमें कर्तव्यों का पालन और समाज में न्याय की स्थापना के लिए प्रेरित करता है। मानस में भगवान राम के आदर्श चरित्र को दर्शाया गया है, जो सेवा, समर्पण और निष्ठा का प्रतीक हैं। बिरगांव के शहीद नगर में तीन दिवसीय रामचरित मानस के अंतिम दिन सोमवार को मुख्य अतिथि सरला देवांगन के साथ धर्म प्रचार समिति के सदस्य भीखम लाल देवांगन ने उक्ताशय के विचार व्यक्त किए। तीन दिनों तक मानस गायन का दौर चला, वहीं अंतिम दिन भी मानसप्रेमी आयोजन का हिस्सा बने। अतिथियों ने कहा कि परिवार कैसा हो, रिश्तों की मर्यादा को किस तरह से स्थापित किया जा सकता है। यह जिक्र रामायण के प्रसंगों में निहित है।

### रामचरित मानस और गीता पाठ करें

शहीद नगर में आयोजित तीन दिवसीय अधिवेशन में प्रमुख रूप से कमल देवांगन, विनोद देवांगन, हेमंत देवांगन, रवि, मनोज, सुरेश, अनिल प्रमुख रूप से शामिल हुए। इसमें कमल देवांगन ने कहा कि बच्चों और युवाओं को धर्म से जोड़ने के लिए स्कूलों और कॉलेजों में भगवान राम के जीवन प्रसंगों और गीता पाठ का अध्याय शामिल होना चाहिए। इससे धर्मग्रंथ का अध्ययन युवा पीढ़ी कर सकेंगे। उन्होंने श्रोताओं से आव्हान किया कि हिंदू परिवारों में श्री रामचरित मानस और श्रीमद भागवत गीता का पाठ नियमित करने के लिए युवाओं को प्रेरित करें।

# अनुभवी कलाकारों ने सिखाई कला की बारीकियां प्रदर्शनी सोहई में प्रदेश के 47 चित्रकार हुए शामिल




**रायपुर।** महंत घासीदास म्यूजियम में प्रदेश के 47 कलाकारों की प्रदर्शनी सोहई का सोमवार को समापन हुआ। दिल्ली से आए कला समीक्षक व राष्ट्रीय स्तर के कलाकार राम प्रवेश पाल ने व्यवसाय के अनेक बिंदुओं पर भी सारगर्भित चर्चा की। विमर्श सत्र में वरिष्ठ पत्रकार व कला समीक्षक वसंत वीर उपाध्याय, डॉ. सुनीता वर्मा, डॉ. अंकुश देवांगन तथा हुकुम लाल वर्मा ने अपने उद्गार व्यक्त किए। वसंत वीर उपाध्याय ने रायगढ़ की उन गुफाओं का जिक्र किया, जहां आदिमानव ने दीवारों पर चित्र उकेरे थे। उन्होंने कहा, कला के संस्कार छत्तीसगढ़ में आदियुग से हैं। आयोजन के संयोजक डॉ. ध्रुव तिवारी ने वक्ताओं सहित कलाकारों का सम्मान किया। इस अवसर पर स्पेशल सोहई केक काटकर डॉ. सुनीता वर्मा ने आयोजन के चर्चा सत्र की शुरुआत की। बड़ोदरा से आईं डॉ. तरुणा ने कार्यक्रम का संचालन किया। आरती मुले की वंदना व सरिता श्रीवास्तव के भावनृत्य ने सबको प्रभावित किया।

### रंगीन कपड़ों के टुकड़ों का इस्तेमाल

मोर पंख, कौड़ियों, जूट की रस्सी, रंगीन प्लास्टिक की रस्सी और रंगीन कपड़ों के टुकड़ों का इस्तेमाल कर सोहई और भागर बनाया जाता है। इसे गोवर्धन पूजा के दिन गाय, बैल, भैंस को पहनाया जाता है। यह रंगीन होता है और उसे कई रंगों से सजाया जाता है, वैसे ही छत्तीसगढ़ प्रोग्रेसिव आर्टिस्ट ग्रुप ने इस पेंटिंग प्रदर्शनी का नाम सोहई रखा है, जिसमें तरह-तरह की रंगीन पेंटिंग्स लोगों के सामने रखी गई है। आयोजन के संयोजक डॉ. ध्रुव तिवारी ने कहा कि कला हमेशा अभिव्यक्ति, प्रतिबिंब और परिवर्तन के लिए एक शक्तिशाली माध्यम रही है। सोहई के माध्यम से हमारा लक्ष्य छत्तीसगढ़ में मौजूद कलात्मक प्रतिभा के समृद्ध ताने-बाने को प्रदर्शित करना है, जो हमारे कलाकारों को अपनी कहानियों, सपनों और दृष्टिकोणों को दुनिया के साथ साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करता है।



ज्योतिष

## अगर आपके साथ भी हो रही हैं ये समस्याएं तो हो सकता है राहु का प्रभाव, जानें इसके उपाय



भारतीय ज्योतिष शास्त्र में राहु को एक छाया ग्रह के रूप में जाना जाता है, जिसका प्रभाव व्यक्ति के जीवन में कई प्रकार की जटिलताओं और बाधाओं के रूप में देखने को मिलता है। जब कुंडली में राहु की स्थिति अनुकूल नहीं होती, तो यह व्यक्ति के लिए मानसिक अशांति, आर्थिक तंगी, पारिवारिक विवाद और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न कर सकता है। यदि अचानक जीवन में कई कठिनाइयां एक साथ सामने आने लगें, बार-बार कोई काम बिगड़ने लगें या रिश्तों में अनबन बढ़ जाए, तो यह राहु के अशुभ प्रभाव का संकेत हो सकता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि राहु दोष के लक्षण क्या है और इससे बचने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं।

**राहु दोष के सामान्य लक्षण :** राहु दोष जब कुंडली में सक्रिय होता है, तो व्यक्ति के जीवन में कई तरह की परेशानियां आने लगती हैं। इसका असर मन की स्थिरता पर भी साफ दिखाई देता है। अधिक क्रोध आना, बार-बार डरावने सपनों का आना, मानसिक भ्रम की स्थिति, निर्णय लेने में कठिनाई, रिश्तों में कड़वाहट और अचानक होने वाली दुर्घटनाएं, ये सभी राहु के अशुभ प्रभाव के संकेत हो सकते हैं। यदि आप भी इन लक्षणों से जूझ रहे हैं, तो संभव है कि आपकी कुंडली में राहु दोष सक्रिय हो।

**राहु के उपाय :** राहु के प्रभाव को कम करने के लिए कुछ विशेष उपाय किए जा सकते हैं। इसके लिए 'ॐ रां राहवे नमः' मंत्र का प्रतिदिन एक माला जाप करना शुभ होता है। साथ ही शनिवार के दिन गोमेद रत्न को लोहे या पंचधातु की अंगूठी में जड़वाकर मध्यमा उंगली में धारण करने से भी राहत मिलती है।

देवी दुर्गा की कृपा प्राप्त करने के लिए दुर्गा चालीसा का नियमित पाठ करना लाभकारी होता है। रोज सुबह पक्षियों को बाजरा खिलाना न केवल एक पुण्य कार्य है, बल्कि राहु को शांत करने का भी एक सरल उपाय है। समय-समय पर सात प्रकार के अनाज का दान करना, और एक नारियल व ग्यारह साबुत बादाम को काले कपड़े में लपेटकर किसी बहते हुए जल में प्रवाहित करने से राहु दोष की शांति में होती है।

जब राहु की दशा चल रही हो, तब "ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः" इस मंत्र का उच्च स्वर में जाप अवश्य करें। यह न केवल राहु को शांत करता है, बल्कि आपके भीतर आत्मबल और आत्मविश्वास भी जागृत करता है।

## लक्ष्मी चरण ऑफिस डेस्क पर रखना चाहिए या नहीं? जानें सही वास्तु नियम



वास्तु शास्त्र के अनुसार, ऑफिस डेस्क पर कुछ विशेष वस्तुएं रखने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और काम में सफलता प्राप्त होती है। सही दिशा में इन वस्तुओं का स्थान होना भी महत्वपूर्ण होता है। ऑफिस डेस्क पर कुछ ऐसी वस्तुएं हैं जिन्हें रखना शुभ माना जाता है, जैसे कि भगवान गणेश की मूर्ति, क्रिस्टल या एक छोटी-सी प्लांट।

इसके अलावा, कुछ ऐसी चीजें हैं जिन्हें डेस्क पर नहीं रखना चाहिए, जैसे कि टूट-फूट का सामान, नकारात्मकता को दर्शाने वाली वस्तुएं, और किसी भी प्रकार के अपवित्र सामान। इनसे न केवल नकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, बल्कि व्यक्ति के कार्यक्षेत्र में भी रुकावटें और विघ्न आने लगते हैं। अब सवाल यह उठता है कि क्या ऑफिस डेस्क पर लक्ष्मी जी के चरण रखना शुभ है? आइए जानते हैं।


**क्या ऑफिस डेस्क पर लक्ष्मी चरण रखना शुभ होता है :** लक्ष्मी चरण, जिन्हें लक्ष्मी पादुका भी कहा जाता है, देवी लक्ष्मी के पदचिह्नों को दर्शाते हैं। इन्हें घर या कार्यस्थल पर रखने से धन, समृद्धि, शांति और शुभ ऊर्जा का आगमन होता है। भारतीय परंपरा और वास्तु शास्त्र में लक्ष्मी चरण को बहुत ही शुभ माना गया है, खासकर तब जब इन्हें सही दिशा और विधि से रखा जाए। ऑफिस डेस्क पर लक्ष्मी चरण रखने का अर्थ है, मां लक्ष्मी को कार्यक्षेत्र में आमंत्रित करना। यह न केवल आर्थिक दृष्टि से लाभकारी होता है, बल्कि मानसिक शांति और एकाग्रता में भी सहायक होता है। काम के दौरान जब हम तनाव में होते हैं या निर्णय नहीं ले पाते, तब सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह हमारे

**कहां और कैसे रखें लक्ष्मी चरण :** वास्तु शास्त्र के अनुसार, लक्ष्मी चरण को उत्तर-पूर्व दिशा में रखना अत्यंत शुभ होता है। यह दिशा 'ईशान कोण' कहलाती है और इसे धन, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का केंद्र माना जाता है। अगर आप ऑफिस डेस्क पर लक्ष्मी चरण रखना चाहते हैं, तो डेस्क पर आपकी सीट की दिशा में सामने की ओर रखें, ताकि नज़र पड़ते ही आपको एक सकारात्मक अनुभूति हो।

लिवर और किडनी दोनों ही हमारे शरीर के महत्वपूर्ण कार्यों में विशेष भूमिका निभाती हैं

# लिवर-किडनी को रखना है स्वस्थ तो गांठ बांध लें ये जरूरी बातें, कम उम्र से ही बरतें सावधानियां

लिवर और किडनी हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंग हैं, हालांकि लाइफस्टाइल और आहार की गड़बड़ी ने इन दोनों अंगों की सेहत को बुरी तरह से प्रभावित किया है। हम क्या खाते हैं, किसी तरह का जीवन जीते हैं, इन सभी का हमारे स्वास्थ्य पर असर हो सकता है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ कम उम्र से ही सेहत की देखभाल को लेकर अलर्ट रहने की सलाह देते हैं। लिवर और किडनी दोनों ही हमारे शरीर के महत्वपूर्ण कार्यों में विशेष भूमिका निभाती हैं। शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने, मेटाबॉलिज्म को ठीक रखने और खून को फिल्टर करने के लिए भी इनका ठीक तरीके से काम करते रहना आवश्यक है।



### खान-पान, जीवनशैली को ठीक रखने पर दें ध्यान

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लिवर-किडनी को स्वस्थ रखने के लिए सही खान-पान, जीवनशैली को ठीक रखने के साथ कुछ विशेष सावधानियां भी जरूरी हैं। कई शोध बताते हैं कि इन दोनों अंगों को हमारी जिस एक आदत के कारण सबसे ज्यादा क्षति हो रही, शराब पीना उनमें से एक है। शराब से लिवर कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाता है, इससे फैटी लिवर और सिरोसिस जैसी दिक्कतों का खतरा बढ़ जाता है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर हेल्थ की एक रिपोर्ट के अनुसार, लंबे समय तक अत्यधिक मात्रा में शराब का सेवन लिवर और किडनी फेलियर के खतरे को कई गुना तक बढ़ा देता है।

### प्रोसेस्ड फूड और अधिक नमक से करें परहेज

प्रोसेस्ड फूड में हाई सोडियम और इसे लंबे समय तक बचाए रखने के लिए केमिकल्स होते हैं, जो किडनी की कार्यप्रणाली पर असर डालते हैं और उच्च रक्तचाप को बढ़ावा देते हैं।

जर्नल ऑफ अमेरिकन सोसाइटी ऑफ नेफ्रोलॉजी की एक रिपोर्ट अनुसार, ज्यादा नमक खाने से किडनी की कार्यक्षमता पर नकारात्मक असर हो सकता है। अत्यधिक नमक के कारण लिवर की कार्यक्षमता प्रभावित हो सकती है।

### इन बातों का भी रखें ध्यान

लिवर-किडनी को स्वस्थ रखने के लिए कम उम्र से ही सभी लोगों को कुछ और सावधानियां बरतनी चाहिए।

तंबाकू से दूरी बनाएं। इसमें मौजूद टॉक्सिन्स लिवर और किडनी दोनों को नुकसान पहुंचाते हैं और कैंसर का खतरा बढ़ा सकते हैं।

कम पानी पीना भी खतरनाक है। पानी शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने में मदद करता है, ऐसे में कम पानी पीने से शरीर में विषाक्तता बढ़ सकती है।

पेनकिलर या एंटीबायोटिक दवाओं का ज्यादा सेवन भी लिवर और किडनी को नुकसान पहुंचा सकता है।

व्यायाम से वजन, ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहता है। जो लोग व्यायाम नहीं करते हैं उनमें भी लिवर-किडनी की समस्याएं अधिक देखी जाती हैं।



## ये कोई सर्कस नहीं... ये है एरियल योगा! लटकिए हवा में और चुपचाप देखिए कैसे बीमारियां हो जाती हैं फुर्र!

योग तनाव दूर करने और शरीर को स्वस्थ रखने का पुराना तरीका है। इसके कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं। कई पुराने रोगों का खतरा भी इससे कम हो सकता है। एरियल योग पारंपरिक योग का नया रूप है। यह योग शरीर को सहारा देने के लिए हवा में हेमॉक की मदद से किया जाता है। एरियल योगा में, हेमॉक छत से लटकता है और आपको अपनी पीठ, सिर, कंधों और रीढ़ पर किसी भी दबाव के बिना स्विंग की मदद से विभिन्न आसन करने होते हैं। इसके बारे में कोल्हापुर की योगा ट्रेनर दीक्षा कदम ने जानकारी दी है।

एरियल योगा, जिसे कभी-कभी एंटी-ग्रेविटी योगा या फ्लाइंग योगा भी कहा जाता है, योग का एक आधुनिक प्रकार है। इसमें पारंपरिक योगासन, पायलट्स और नृत्य का मिश्रण होता है, जो हवा में लटके हुए मुलायम, मजबूत कपड़े (हेमॉक) की सहायता से किया जाता है। हेमॉक शरीर को सहारा देता है, जिससे योगासन अधिक गहराई से और कम तनाव के साथ किए जा सकते हैं। इससे लचीलापन, ताकत, संतुलन और मानसिक शांति बढ़ाने में मदद मिलती है। यह सभी आयु वर्ग और फिटनेस स्तर के लोगों के लिए उपयुक्त है।



### एरियल योगा के फायदे

- शारीरिक लचीलापन और ताकतः हेमॉक की सहायता से मांसपेशियों और जोड़ों पर कम दबाव पड़ता है, जिससे लचीलापन बढ़ता है।
- मानसिक शांतिः हवा में लटकने का अनुभव तनाव कम करता है और ध्यान को प्रोत्साहित करता है।
- रीढ़ का स्वास्थ्यः उलटी स्थिति (इन्वर्शन) से रीढ़ की संरचना (**Spine structure**) में सुधार होता है और पीठ दर्द कम होता है।
- मजेदार और रचनात्मकः पारंपरिक योग की तुलना में यह प्रकार खेलकूद और आनंददायक है।

### एरियल योगा कैसे करें?

एरियल योगा हेमॉक की मदद से स्टूडियो या योगा सेंटर में प्रशिक्षित प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में किया जाता है। इसकी प्रक्रिया इस प्रकार है।

- सही कपड़ेः तंग, लचीले और आरामदायक कपड़े (जैसे, लेगिंग्स और टी-शर्ट). आभूषण या धारदार वस्तुएं न पहनें.
- उपकरणः हेमॉक मजबूत छत से लटका होता है और इसकी ऊंचाई जमीन से लगभग 2-3 फीट होती है।
- वातावरणः शांत और सुरक्षित स्टूडियो, जहां प्रशिक्षक प्रत्येक व्यक्ति के हेमॉक की जांच करता है।

### वॉर्म-अप

- सत्र की शुरुआत हल्की स्ट्रेचिंग और श्वास-प्रश्वास के व्यायाम से होती है।
- हेमॉक का उपयोग करके शरीर को उसकी लचीलता के साथ तालमेल बिठाने के लिए सरल हलचलें की जाती हैं, जैसे हल्के झूले लेना.

### मुख्य आसन

- बैठने के आसनः हेमॉक पर बैठकर पैर लटकाते हुए या उसे सहारा देते हुए सूर्यनमस्कार या वृक्षासन जैसे आसन.
- उलटे आसनः हेमॉक की सहायता से उलटे लटकना, जैसे डाउनवर्ड डॉग या हेडस्टैंड, जिससे रीढ़ की लंबाई बढ़ती है।

## इमली सिर्फ चटपटी नहीं, ये है बीमारियों की रामबाण दवा! पेट की जलन हो या सूजन

आयुर्वेद में विभिन्न रोगों के इलाज के लिए अलग-अलग वनस्पतियों का उपयोग होता है। कुछ वनस्पतियां घर के आंगन में उगती हैं तो कुछ जंगल में मिलती हैं। रसोई में मौजूद मसालों का भी औषधि के रूप में उपयोग होता है। आयुर्वेदिक चिकित्सक ने बताया कि,' आयुर्वेद में इमली का औषधि के रूप में विशेष महत्व है। इसका उपयोग करने से पहले विशेषज्ञ वैद्य या आयुर्वेदिक चिकित्सक की सलाह लेना अनिवार्य है।'

इमली के पेड़ हर जगह देखे जा सकते हैं। आमतौर पर फागुन और महा महीने में इमली के बीज पककर तैयार हो जाते हैं। आयुर्वेद में इमली को टेस्टी, पित्तनाशक और विरेचक माना जाता है। लोग इसे दाल और सब्जी में मिलाकर व्यंजनों को स्वादिष्ट बनाते हैं। गर्मियों में तृप्ति के लिए, गुड़ मिलाकर इमली के पानी का सेवन किया जाता है।

जब ज्यादा दस्त होते हैं तो चावल के मांड के साथ इमली का पानी पीने से काफी फायदा होता है। इमली पाचन और पित्त विकारों के लिए उत्तम औषधि है। भोजन और औषधि के रूप में इमली का उपयोग वर्षों से हो रहा है। कब्ज और जलन को दूर करने के लिए इमली के पत्तों का उपयोग होता है। इमली का मुरब्बा खाने से पाचनशक्ति भी बढ़ती है।

शरीर में किसी भी प्रकार की सूजन या दर्द हो तो इमली के फल का लेप करने से बहुत फायदा होता है। इसके अलावा,



शरीर में मोच या खिंचाव आने पर भी काफी दर्द होता है। इससे राहत पाने के लिए, कई लोग इमली के पत्तों को पीसकर लेप बनाते हैं, उसे हल्का गर्म करके प्रभावित स्थान पर लगाते हैं, जिससे काफी आराम मिलता है।

अगर भूख कम लगती हो तो भोजन के साथ इमली की चटनी खानी चाहिए, जिससे भूख बढ़ती है और भोजन पचने में आसानी होती है।

इमली का अधिक उपयोग करने से साइड इफेक्ट हो सकते हैं। हर व्यक्ति का शरीर और तासीर अलग होती है, इसलिए किसी भी उपयोग से पहले विशेषज्ञ वैद्य या आयुर्वेदिक चिकित्सक की सलाह लेनी चाहिए. जिन्हें इमली से एलर्जी हो, उन्हें इमली खाने से शरीर में सूजन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। अधिक उपयोग से दांतों को भी नुकसान हो सकता है। गर्भवती महिलाओं के लिए इमली का सेवन हानिकारक माना जाता है।

## गर्मी में इस देसी लड्डू का करें सेवन रास्ता बदल लेंगी बीमारियां

कहने को तो गर्मियों का मौसम शुरू हो गया है। लेकिन, पिछले एक सप्ताह से पूरे बिहार में मौसम दिन रात बदल रहा है। कभी तेज हवाएं चलने लगती है, तो कभी जोरदार बारिश के कारण जनजीवन भी बदल सा गया है। इस बदलते मौसम के बीच लोगों को जिस चीज का खतरा सता रहा है वह है मौसमी बीमारियां। बदलते मौसम में बड़े पैमाने पर लोग सर्दी, जुकाम जैसी परेशानियों से का शिकार हो जाते हैं और इस मौसम में उन्हें सेहत संबंधी कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन, इससे बचने के लिए लोग दवाइयां लेते हैं और चिकित्सक के पास जाते हैं। परंतु, अगर आप अपने घर पर ही एक स्पेशल डिश का निर्माण करें, जिसे खाने के बाद आपका इम्यूनिटी इतना बढ़ जाएगा कि बीमारियां आपके आसपास भी नजर नहीं आएगी और आपको देखकर दूर से ही अपना रास्ता बदल लेंगे।



आयुष चिकित्सक बताते हैं कि बदलते मौसम में आप तुलसी के पत्तों से बने लड्डू का इस्तेमाल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि लगातार बदलते मौसम के बीच सर्दी, खांसी, जुकाम जैसे कई परेशानियों का सामना लोगों को करना पड़ता है। संक्रमण के कारण लोगों को यह बीमारियां होती है। परंतु, तुलसी इसमें आपकी काफी काम आ सकता है। डॉक्टर ने बताया कि तुलसी के पत्तियों में एंटीवायरल, एंटी बैक्टीरियल और एंटीऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं। जो हमारे शरीर को रोगों से लड़ने की क्षमता प्रदान करते हैं। अगर इस मौसम में तुलसी का काढ़ा पिया जाए तो यह भी आपके काफी काम आ सकता है। परंतु अगर आप इसको थोड़ा जायकेदार और स्वादिष्ट बनाना चाहते हैं, तब आप तुलसी और गुड़ के लड्डू का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## हंसना ही नहीं, रोना भी है जरूरी, क्या है आंसुओं का दिमाग की सेहत से कनेक्शन

### कई तरह के होते हैं आंसू

अमेरिकन अकैडमी ऑफ ऑप्थेल्मोलॉजी के अनुसार रोना भावनाओं को व्यक्त करने का एक तरीका है, लेकिन आंसू 3 तरह के होते हैं। इनमें से 2 का कनेक्शन इमोशन से नहीं होता. बेसल टीयर्स लैक्रिमल ग्लैंड से निकलते हैं। इससे कॉर्निया को लुब्रिकेशन मिलता है और आंखें गीली रहती हैं। यह तब निकलते हैं जब आंखों में धूल चली जाए। इन आंसुओं में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं। रिफ्लैक्स टीयर्स तब निकलते जब आंखों में धुआं, कोई कीड़ा चला जाए या कोई प्याज काट रहा हो।



### मेंटल हेल्थ अच्छी रहती है

जब व्यक्ति इमोशनल होकर रोता है तो उसकी बॉडी में प्रोलैक्टिन और एनकेफेलिन जैसे केमिकल निकलते हैं। आंसू निकले से कॉर्टिसोल नाम का स्ट्रेस हार्मोन भी कम होता है। इससे तनाव दूर होता है और व्यक्ति का मन शांत होता है। इससे उसका मूड भी अच्छा रहता है। रोने से व्यक्ति दूसरों के मुकाबले ज्यादा खुश रहता है। इससे मेंटल हेल्थ दुरुस्त रहती है जिससे डिप्रेशन, एंग्जाइटी जैसी बीमारियां नहीं होती।

### लड़कियां ज्यादा रोती हैं

जर्मन सोसाइटी ऑफ ऑप्थेल्मोलॉजी के सर्वे के अनुसार साल भर में महिलाएं 30 से 64 बार रोती हैं, जबकि पुरुष 6 से 17 बार ही रोते हैं। पुरुष जहां 2 से 4 मिनट तक रोते हैं, वहीं महिलाएं 6 मिनट तक रोती हैं। दरअसल, महिलाओं के शरीर में प्रोलैक्टिन हार्मोन ज्यादा होता है, इसलिए उनकी आंखों में जल्दी आंसू आते हैं। रोने की वजह से महिलाएं पुरुषों के मुकाबले ज्यादा इमोशनली स्ट्रॉन्ग होती हैं। उनकी दिल की सेहत भी इस वजह से दुरुस्त रहती है।











फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### एमी पुरस्कार विजेता अभिनेत्री जीन मार्श का निधन



क्लासिक पीरियड ड्रामा 'अपस्टेयर्स', 'डाउनस्टेयर्स' की प्रसिद्ध अभिनेत्री जीन मार्श का बीते दिन 90 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। ब्रिटिश एक्ट्रेस ने अभिनय के अलावा एक असिस्टेंट फिल्म निर्माता के तौर पर भी काम किया था। 1934 में जीन लिंडसे टॉरेन मार्श का जन्म हुआ, जो लंदन में पली-बढ़ीं, उनके माता-पिता मजदूर वर्ग के थे। ब्रिटिश एक्ट्रेस जीन मार्श को 'अपस्टेयर्स' और 'डाउनस्टेयर्स' ब्रिटिश ड्रामा के लिए जाना जाता था, जिसमें उन्होंने नौकरानी मिसेज बक की भूमिका निभाई थी। इस सीरीज में वो बतौर सह-निर्माता भी थीं। साल 1975 में अभिनेत्री को ड्रामा सीरीज में शानदार अभिनय के लिए बेस्ट लीड एक्ट्रेस का एमी पुरस्कार मिला। चार साल तक चले इस सरीज में कुल 68 एपिसोड शामिल थे। अपनी शानदार भूमिका के लिए जाने जानी वाली अभिनेत्री जीन मार्श ने फिल्म, टेलीविजन और थिएटर में शानदार काम किया। उन्होंने रॉन हॉवर्ड की फैंटसी मोशन फिल्म 'विलो' में अभिनय किया और 'अल्फ्रेड हिचकॉक' में नजर आईं। आखिरी बार अभिनेत्री 2022 में ऑन स्क्रीन पर नजर आईं थीं, उन्होंने 'विलो' पर आधारित टेलीविजन सीरीज में एक कैमियो के रूप में अपना योगदान दिया था।

## टॉलीवुड

### एटली की फिल्म को लेकर आया बड़ा अपडेट, फिल्म में दो अभिनेत्रियों के साथ रोमांस करेंगे अल्लू अर्जुन



जवान फिल्म के निर्देशक एटली अब एक और दमदार फिल्म पर काम कर रहे हैं, जिसमें अल्लू अर्जुन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में अल्लू के साथ दो बॉलीवुड अभिनेत्रियां नजर आएंगी। जानिए कौन हैं वे दो अभिनेत्रियां जो करेंगी अल्लू की फिल्म में कमाल। ओटीटी प्ले की एक खबर के मुताबिक, अल्लू के साथ इस फिल्म में दो बॉलीवुड हीरोइन होंगी। जान्हवी कपूर का नाम लगभग फाइनल है, जबकि दूसरी हीरोइन के लिए दिशा पटानी और श्रद्धा कपूर जैसी अभिनेत्रियों से बात चल रही है। एटली इस फिल्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनाना चाहते हैं, जिसमें ढेर सारे ग्राफिक्स और वीएफएक्स होंगे। बहरहाल, फिल्म का प्री-प्रोडक्शन शुरू हो चुका है। पुष्पा 2 की सफलता के बाद अल्लू अर्जुन के फैंस उनकी हर फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अपने जन्मदिन पर उन्होंने एटली के साथ नई फिल्म की घोषणा की थी, जिसे सन पिक्चर्स प्रोड्यूस कर रहा है। हॉलीवुड के बड़े स्टूडियो भी इस प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। फिल्म में खलनायक की भूमिका भी एक बड़ा सितारा निभाएगा, लेकिन अभी उसका नाम फाइनल नहीं हुआ है।

## भोजपुरी

### वायरल क्लिप की बात कर रो पड़ीं त्रिशा, आत्महत्या का प्रयास किया



हाल ही में भोजपुरी अभिनेत्री त्रिशाकर मधु ने अपने चमकते कॅरियर में अचानक ब्रेक लग जाने के बारे में बात की। उन्होंने अपने वायरल हुए एमएमएस का खोला राज। उनके करीबी का था इसमें हाथ और इंडस्ट्री के बड़े ग्रुप के शामिल होने की बात भी कही। भोजपुरी की दुनिया में एक समय त्रिशाकर मधु का नाम सिर चढ़ कर बोला करता था, लेकिन एक वीडियो ने उनके जीवन को तबाह कर दिया था। अब इस वीडियो के बारे में अभिनेत्री ने खुलासे किए हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि उनके इस करीबी ने की घिनौनी हरकत। त्रिशाकर मधु ने बातचीत में कहा कि उन्होंने इस भोजपुरी इंडस्ट्री के लिए इतना कुछ किया, लेकिन उनका किसी ने साथ नहीं दिया। यह कहकर वह रोने लगती है। हालांकि, उन्होंने कहा कि एक बड़े स्टार ने उनके साथ खड़े होने की बात कही है। इसके अलावा अभिनेत्री ने बाताया कि भोजपुरी इंडस्ट्री बहुत गंदी है। उनके साथ जब यह घटना हुई तो वह इतनी टूट चुकी थी कि उन्होंने तीन बार घर पर आत्महत्या करने का प्रयास किया था। आगे त्रिशा ने कहा कि उन्हें लगता है उनके साथ ये सब इसलिए हुआ, क्योंकि वह किसी ग्रुप का हिस्सा नहीं बनीं। बातचीत के दौरान अभिनेत्री कई बार भावुक हो गईं थीं। भोजपुरी अभिनेत्री हाल ही में अपने जीवन के संघर्षों के बारे में बात की। इस दौरान उनसे उनके उस वायरल वीडियो के बारे में पूछा गया, जिसने उनकी जिंदगी तबाह कर दी। इसके जवाब में अभिनेत्री ने बताया कि यह उस समय की घटना है, जब उन्होंने खेसारी लाल यादव के साथ 'बोल बम' गाना किया था। अभिनेत्री ने बताया कि इस गाने के लगभग एक महीने बाद उनके फोन में उनकी एक अश्लील तस्वीर आई और धमकी मिली, लेकिन वह डरी नहीं। इसके बाद उन्हें लगातार कई धमकियां मिलीं और उनके कई छोटे-छोटे अश्लील क्लिप वायरल होने लगे।

लाइफ स्टाइल

## लहंगे में पलक ने बनाया लट्टू



पलक डिजाइनर लेबल चैरी डी के लिए फैशन शो में शोस्टॉपर बनीं। जिन्होंने यहां अपने नए कलेक्शन को लॉन्च किया और पलक को सफेद कपड़ों में सजाया। जहां देसी लुक में पलक तिवारी बेहद खूबसूरत लगीं। जिसे देसी के साथ मॉर्डन ट्विस्ट देकर डिजाइन किया गया। जहां हसीना अपने एब्स फ्लॉन्ट कर सबको लट्टू कर गईं। पलक ने ट्यूब टॉप स्टाइल चोली पहनी है। जिसकी नेकलाइन को स्ट्रैपी लुक के साथ वी डिजाइन दिया। जिसे सितारों और वाइट पर्ल्स से सजाया।

# बालों की लंबाई में रुकावट पैदा कर रहे दोमुंहे बाल, इन नुस्खों से पाएं छुटकारा

गर्मी के मौसम में लोग अपने चेहरे और त्वचा का तो ध्यान रख लेते हैं लेकिन अक्सर बालों का ध्यान रखना भूल जाते हैं। इस वजह से ही बाल बेजान दिखने लगते हैं और दोमुंहे होने लगते हैं। दोमुंहे बाल न सिर्फ बालों के विकास में रुकावट बनते हैं, बल्कि साथ ही में इसकी वजह से लुक भी खराब दिखने लगता है। ऐसे में हर कोई समय-समय पर बालों की ट्रिमिंग कराता रहता है। हर एक से डेढ़ महीने में बालों को ट्रिम करने की सलाह दी जाती है, ताकि दोमुंहे बालों से छुटकारा पाया जा सके। लेकिन कई बार ट्रिम कराना ध्यान नहीं रहता। ऐसे में आप कुछ घरेलू नुस्खे अपनाकर भी इस दिक्कत से छुटकारा पा सकते हैं। यहां हम आपको कुछ ऐसे नुस्खों के बारे में बताएंगे, जिनको अपनाने के बाद आपके बाल हेल्दी और शाइनी दिखेंगे।



### नारियल तेल और एलोवेरा मास्क

ये दोनों चीजें आसानी से हर घर में पाई जाती हैं। ऐसे में आप इसके इस्तेमाल से भी दोमुंहे बालों से छुटकारा पा सकते हैं। इसके लिए आपको एक कटोरी में दो चम्मच नारियल का तेल लेकर उसमें बराबर मात्रा में एलोवेरा मास्क मिक्स करना है। दोनों चीजों को सही से मिक्स करके पेस्ट तैयार करें।

**अंडा और दही मास्क** : यदि आपको अंडा इस्तेमाल करने में किसी तरह की परेशानी नहीं है तो इस मास्क से बेहतर आपके लिए कुछ हो नहीं सकता। इसके लिए सबसे पहले अंडे को फोड़कर उसका सफेद हिस्सा एक कटोरी में निकाल लें। इसके बाद इसमें दो चम्मच दही डालें और पेस्ट तैयार करें।

### केला और शहद मास्क

केला और शहद दोनों मे ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जिससे न सिर्फ बालों में चमक आती है, बल्कि इसके इस्तेमाल से दोमुंहे बालों का भी खात्मा होता है। इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले को केले को अच्छी तरह से मैश कर लें। अब इसमें दो चम्मच शहद मिक्स करें और फिर इस पेस्ट में एक चम्मच नारियल का तेल भी डाल लें। अब इस पेस्ट को अपने बालों में सही से लगाएं। आधे से एक घंटे इसे ऐसे ही लगा रहने दें और फिर बालों को धो लें। दो से तीन बार इस मास्क का उपयोग करें और इसका असर देखें।

# गर्मी में दिखना है स्टाइलिश तो ऐसे पहनें बिना झिझके शॉर्ट ड्रेसेज

फैशन



शॉर्ट ड्रेसेज और शॉर्ट पैंट्स गर्मी में बहुत कूल लगती हैं।आप कियारा आडवाणी, मलाइका अरोड़ा, आलिया भट्ट समेत किसी भी एक्ट्रेस को देख लें, वह समर सीजन में यही कपड़े पहनना पसंद करती हैं।लेकिन इन ड्रेसेज को पहनने के कुछ तरीके हैं।अगर इन पर गौर नहीं किया गया तो इन्हें पहनने से उप्स मोमेंट बन सकते हैं और आपको शर्मिंदा होना पड़ सकता है।

**फिटिंग पर दें ध्यान :** शॉर्ट ड्रेसेज या पैंट्स पहनने से पहले उसके फैब्रिक और फिटिंग पर जरूर ध्यान दें। इस मौसम में कॉटन, लिनन या रायोन का फैब्रिक बेस्ट होता है। यह गर्मी में ठंडक का एहसास कराता है। वहीं इस मौसम में टाइट पैंट्स और बॉडीकॉन शॉर्ट ड्रेसेज से बचना चाहिए। हमेशा ऐसे आउटफिट चुनें जो लूज या रेगुलर फिटिंग के हों और उन्हें पहनकर चलने में आसानी रहे।

**बॉय शॉर्ट्स जरूर पहनें :** अगर आप मिनी स्कर्ट, मिनी ड्रेस या हॉट पेंट पहन रही हैं तो उसके अंदर बॉय शॉर्ट्स जरूर पहनें. इससे आप फ्री महसूस करेंगी और कंफर्टेबल होकर उठ-बैठ सकेंगी. दरअसल बॉय शॉर्ट्स थिन मटीरियल की होती हैं जिन्हें शॉर्ट ड्रेसेज के साथ पेयर किया जा सकता है। इससे उप्स मोमेंट की टेंशन भी नहीं होती क्योंकि थाईज तक बॉडी कवर रहती है।

**उठने-बैठने का रूल :** शॉर्ट ड्रेसेज बेहद ग्लैमरस और स्टाइलिश लगती हैं,लेकिन इन्हें पहनने के बाद आप कैसे उठ-बैठ रही हैं, यह बहुत महत्वपूर्ण है। जब भी बैठें हमेशा पैरों को मिलाकर बैठें या आप पैरों को क्रॉस भी कर सकती हैं।शॉर्ट ड्रेसेज पर हमेशा स्नीकर, फ्लैट्स या नी लेंथ बूट्स अच्छे लगते हैं।गर्मी में इनके नीचे स्नीकर ही पहनें ताकि आप कॉन्फिडेंस के साथ चल सकें.

**इन हैक्स से नहीं होंगे असहज :** फैशन डिजाइनर भावना जिंदल कहती हैं कि कुछ लोगों का शॉर्ट ड्रेसेज पहनने का तो मन करता है, लेकिन वह छोटा होने के कारण इन ड्रेसेज को पहनने में संकोच करते हैं। अगर आप इनमें कंफर्ट महसूस नहीं करते तो कुछ हैक्स को अपनाएं. शॉर्ट ड्रेसेज पहनने से पहले इनके नीचे स्टॉकिंग या लेगिंग पहन लें। इससे पैर कवर हो जाएंगे. इसके ऊपर शॉर्ट ड्रेसेज कैरी कर सकते हैं।इसके अलावा इन ड्रेसेज को लेयरिंग करके भी पहन सकते हैं।जैसे शॉर्ट ड्रेसेज पर लॉन्ग श्रग और लॉन्ग बूट्स पहनें, इससे स्किन शो नहीं होगी।

# हर महिला के पास होने चाहिए ये ब्यूटी प्रोडक्ट, जो बरकरार रखेंगे चेहरे का निखार

शायद ही कोई ऐसी महिला होगी, जिसे ब्यूटी प्रोडक्ट का इस्तेमाल करना पसंद न हो। इसी के चलते हर महिला के पास तमाम तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट का शानदार कलेक्शन होता है। हर महिला इन सामानों को अपने घर की ड्रेसिंग टेबल में रखती हैं। इन ब्यूटी प्रोडक्ट्स में कुछ चीजें ऐसी हैं, जो हर महिला को अपने बैग में रखनी चाहिए। जिन महिलाओं के पास ब्यूटी प्रोडक्ट का कलेक्शन नहीं भी होता है, उन्हें भी इन पांच चीजों को अपने पास रखना चाहिए। यहां हम आपको पांच सबसे अहम ब्यूटी प्रोडक्ट के बारे में बताने जा रहे हैं।

**क्लींजर** : हर महिला के बैग में एक अच्छा क्लींजर अवश्य होना चाहिए। इसे खरीदते समय ध्यान रखें कि ये आपकी स्किन टाइप के हिसाब से ही हो। एक जेंटल से क्लींजर का इस्तेमाल आप दिन में दो से तीन बार कर सकती हैं। ये आपके चेहरे से गंदगी हटाने का काम करेगा।



### सनस्क्रीन

फिलहाल के लिए अब जब गर्मी का मौसम चल रहा है तो आपके लिए सनस्क्रीन काफी जरूरी है। अक्सर लोगों को लगता है कि दिन में एक समय सनस्क्रीन का इस्तेमाल काफी है, जबकि ऐसा नहीं है। इतनी तेज धूप के समय आपको हर तीन से चार घंटे में सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना है।

### मॉइश्चराइजर

लोगों को ऐसा लगता है कि मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल सिर्फ सर्दियों में ही किया जाता है, जबकि ऐसा नहीं है। गर्मी में पसीने की वजह से चेहरे की प्राकृतिक नमी सूखने लगती है। ऐसे में सही मॉइश्चराइजर आपके चेहरे को दमकाने में मदद करेगा।

### लिप बाम

तेज धूप और धूल की वजह से होंठ भी काफी फटने लगते हैं, जिसकी वजह से काफी परेशानी होने लगती है। कई बार तो होंठ फटने के बाद खून तक निकलने लगता है। यदि आप इस परेशानी से बचना चाहती हैं तो लिप बाम का इस्तेमाल करें। इससे आपके होंठ नर्म और मुलायम रहेंगे।

# चेहरे को गर्मी से राहत दिलाएंगे ये प्राकृतिक पाउडर, आप भी आजमाकर देख लें

अप्रैल के महीने में ही इस बार इतनी तेज धूप पड़ने लगी है, कि लोगों ने खुद को कवर करके घर से बाहर निकलना शुरू कर दिया है। तेज धूप और गर्मी की वजह से अभी से ही स्किन पर टैनिंग होने लगी है, जिससे चेहरा भी डल दिखने लगा है। इसी के चलते सभी को अभी से अपना ध्यान रखने की जरूरत है। यहां हम आपको तीन ऐसे प्राकृतिक पाउडरों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके इस्तेमाल से आप चेहरे की गर्मी से राहत पा सकते हैं। इनके इस्तेमाल के लिए आपको बस एक बार पैच टेस्ट करने की जरूरत है, जिसके बाद आपके चेहरे की कई परेशानियां खुद ब खुद दूर हो जाएंगी।



**चंदन पाउडर :** गर्मी के मौसम में बाजार में कई ऐसे स्किन केयर प्रोडक्ट्स मिलते हैं, जिनमें चंदन पाउडर मिक्स होता है। ऐसे में आप चाहें तो सीधे इसका इस्तेमाल अपने चेहरे पर कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल से आपका चेहरा एकदम खिल उठेगा। खासतौर पर यदि आपके चेहरे पर गर्मी की वजह से दाने निकल रहे हैं तो गुलाब जल के साथ चंदन पाउडर को मिलाकर उसे फेस पैक की तरह चेहरे पर लगाएं। आप इस पैक को हफ्ते में कम से कम दो बार लगा सकते हैं। इससे आपका चेहरा खिल उठेगा। इसका इस्तेमाल तभी करें, जब ये आपको सूट करता हो, वरना ये परेशानी को बढ़ा सकता है।

**मुल्तानी मिट्टी :** यदि आपकी त्वचा ऑयली है, तब तो आप आसानी के इसका इस्तेमाल कर सकती हैं। मुल्तानी मिट्टी के इस्तेमाल से चेहरे की डीप क्लींजिंग होती है। ये चेहरे के पोर्स को साफ करता है, जिसकी वजह से पसीने और धूल से छुटकारा मिलता है। इसके इस्तेमाल की बात करें तो ठंडे दूध या गुलाब जल के साथ मिलाकर आप इसे अपने चेहरे पर लगा सकते हैं। इस पैक का इस्तेमाल भी चेहरे की जरूरत के हिसाब से ही करें।

कार्नर न्यूज

प्राइमर चेहरे के तेल को भी कंट्रोल करता है जिससे मेकअप ज्यादा देर तक टिका रहता है

# गर्मियों में टिकाऊ होता है ये मेकअप, 15 घंटों तक रहेगा असर; नहीं होगा खराब

गर्मियां शुरू हो चुकी हैं और इस मौसम में लड़कियों और महिलाओं के लिए सबसे बड़ी परेशानी होती है पसीना। जब आपको किसी शादी या पार्टी में जाना हो, तो पसीने की वजह से अच्छे से अच्छा मेकअप भी कुछ ही मिनटों में बहकर चेहरे से उतर जाता है और पूरा लुक खराब कर देता है। ऐसे में एक ऐसा मेकअप लुक है जो गर्मियों में भी टिकाऊ साबित होता है। इसे मोनोक्रोमैटिक मेकअप लुक कहा जाता है। इस लुक पर पसीने का कोई असर नहीं होता और यह मेकअप 15 घंटे से भी ज्यादा टिक सकता है। सबसे अच्छी बात यह है कि इस लुक में आपकी पूरी स्किन का रंग एक जैसा दिखता है, जिससे मेकअप बहुत नेचुरल लगता है।



### मोनोक्रोमैटिक लुक

मोनोक्रोमैटिक लुक में चेहरे, गर्दन और हाथों की स्किन टोन एक जैसी रखी जाती है, ताकि मेकअप बिल्कुल भी नकली न लगे। चेहरे को सबसे पहले अच्छे से साफ करना चाहिए। फिर एक अच्छा मॉइस्चराइजर लगाकर स्किन को नमी दी जाती है और उसके बाद प्राइमर का इस्तेमाल होता है, जिससे मेकअप की पकड़ मजबूत हो जाती है। प्राइमर चेहरे के तेल को भी कंट्रोल करता है जिससे मेकअप ज्यादा देर तक टिका रहता है। इसके बाद फाउंडेशन और कंसीलर स्किन टोन से मिलाकर लगाना चाहिए. मेकअप करते समय इस बात का ध्यान रखना जरूरी है कि वह मौसम के अनुसार हो, तभी वह लंबे समय तक चेहरे पर बना रहता है और अच्छा दिखता भी है।

### आंखों के नीचे ब्राइट कलर

आंखों के नीचे ब्राइट कलर इस्तेमाल करने से चेहरा और ज्यादा फ्रेश दिखता है। चेहरे पर हल्का पिंक पाउडर लगाया जाता है जिससे स्किन टोन और मेकअप टोन आपस में अच्छे से मिल जाएं. चुने हुए कलर टोन में ब्लश अप्लाई करना चाहिए और आंखों पर आई शैडो को लिड से बाहर निकालते हुए अच्छे से ब्लेंड करना चाहिए. लोअर लैश लाइन को भी उसी कलर से ब्लेंड कर लें।



### इनर कॉर्नर पर हाईलाइटर का इस्तेमाल

आंखों के इनर कॉर्नर पर हाईलाइटर का इस्तेमाल किया जा सकता है जिससे आंखें चमकदार लगें. अगर आप हैवी लुक चाहती हैं तो मस्कारा जरूर लगाएं. मस्कारा लगाने से पहले आईलैशेज को कर्ल कर लेना चाहिए, जिससे आंखें बड़ी और खूबसूरत लगती हैं।

### लिपस्टिक का शेड

मोनोक्रोमैटिक मेकअप में परफेक्ट लुक पाने के लिए चेहरे के सभी हिस्सों को हल्का हाइलाइट करना जरूरी होता है। खासकर चीक्स, आईब्रो और लिप्स के आसपास हल्की कॉन्ट्योरिंग करके उन्हें उभार सकते हैं।इस लुक में लिपस्टिक का शेड, आईशैडो और ब्लश एक जैसे टोन का होना चाहिए. अगर आप बोल्ड लुक चाहती हैं तो मैट या सैटन लिपस्टिक चुनें और अगर नैचुरल लुक चाहिए तो ग्लॉसी लिपस्टिक का इस्तेमाल करें।